8. It has to be pointed out that bank has no case that the ground on which the workman applied for casual leave was false. The workman had complained of backache even on 1-9-1975; so when he came to the office on 2-9-75 the pain was acute again On 3-9-75 the Medical Officer of the Bank examined the workman and issued Ext. W-2 prescription. This was entered in the medical register dt. 3-9-75. In Ext. M-5 leave application the workman alleged that he suffered from backache. The Bank had to admit under these circumstances that the workman was really ill on 2-9-75. Yet there was some remarks made in Ext W-5 at the instance of the Bank that "Reasons not satisfactory". The Bank passed no order on Ext. M-5, either granting or refusing casual leave to the workman There was nothing on record to show that Bank made any effort to satisfy themselves as to the truth or otherwise of workman's illness. Ordinarily the Bank is expected to pass an order either rejecting or allowing casual leave on the workman's application. It cannot under those circumstances be held that the Bank had refused leave to the workman on the ground that he applied for leave on any frivolous or false grounds. On the other hand, it was established that the workman applied for leave on a valid ground that he was ill on 2-9-75.

9. The next question is whether the workman had complied with the requisite condition for taking casual leave. The management has relied upon the provisions of paragraph 13.23 referred to above, which according to them provide the requisite ground for taking casual leave. The case against the workman is that he did not obtain previous permission of the sanctioning authority before taking leave on 2-9-75. That condition set out in paragraph 13.23 has relevancy only to an employee who is away from the office on the day on which he takes leave. The next sentence in para 13-23 may be seen. It states, "when this is not possible, the said authority shall be informed as soon as practicable in writing or if writing is not possible, orally or through any person of the employee's absence from work, reason thereof and of the probable duration of such absence." This sentence read with the previous sentence makes it perfectly clear that the previous sanction of the sanctioning autority is required only in a case where the employee could predicate with accuracy that he had to take leave on the next working day. So the employee who is in office on a day and if he wants casual leave on the next working day he might ask the permission of the sanctioning authority. In a case of an employee who is at his home and due to unforseen circumstances he is unable to attend office, the grounds mentioned in second part of paragraph 13.23 will apply. But it cannot be presumed from para 13.23 that the employee who is already in office suffering from any illness should take previous permission from the sanctioning authority before he presents his leave application. In such cases it is open to the employee to present a leave application to the sanctioning authority showing the requisite grounds for leave. The workman had filed such an application in this case. The fact of his illness could not also be disputed. Under these circumstances it cannot be argued that the employee concerned should have taken previous permission of the sanctioning authority. It is apparent that the bank did not pass yet any order on Ext. M 5 leave application on the basis that the Bank had rejected it or allowed casual leave under it. The Bank is expected to pass an order on Ext. M-5 application in either way. That the workman came late on 2-9-1975 or that he struck off his initial as per Ext. M-7 is not a material ground for consideration in this case. There is no evidence that the workman failed to comply any requisite condition for taking leave under the settlement dated 19-10-1966. The Bank is therefore not justified in refusing leave to the workman on 2-9-1975. The workman is entitled to get his proportionate salary for 2-9-1975 as if he was on duty on that date.

10. The next workman is Bakashendu Mukherjee. He was on privilege leave from 14-7-75 to 26-7-75. So he was to report for duty on 27-7-75 after the expiry of his leave. But he reported for duty only on 30-7-1975. 27th July was a Sunday. The workman overstayed his leave for a period of 3days. The workman has relied upon his leave application, Ext. M-3 which he presented to the Bank on 30-7-75, the day on which he reported for duty. The ground for extention of leave alleged in Ext. M-3 is that his 3 year old daughter fell ill suddenly on 27-7-75 and therefore he could not leave his house. In support of his case, Ext. W-9 medical certificate is produced to show that the workman's child was ill from 27th to 29th July, 1975 and that she was under the treatment of the medical officer, Ext. W-8 contains the correspondence that passed between the workman and the Bank. In reply to the leave application, the Bank sent a letter dated 14-8-75 to the workman in which they stated that the workman should have gone over to the bank office and explained to them the circumstance under which he required extension of leave. They also pointed out to the workman that disciplinary action under paragraph 19.7(a) of the Settlement dated 19-10-1966 was being taken against him for overstaying his leave. The workman sent a reply to it on 18-8-75 stating that it was not possible for him to appear in person and explain the reason for the extension of leave. The bank replied to that letter on 2-9-75 in which they stated that they did not propose to take any disciplinary action, but they treated his 3 days' absence as on without leave and loss of pay and allowances.

11. In this case also it is established that the workman's child fell ill on 27-7-75 and that her illness continued upto 29-7-75. That was an unforeseen circumstance. Paragraphs 13.3, 13.4 and 13.5 is Chapter XIII of the Settlement dated 19-10-1966 do not apply to the facts of the present case. There is dispute in the case whether the workman could have sent information to the bank or not. It is not possible to hold

either way on that question without any oral evidence in that regard. The Bank did not lead any evidence that the workman could have sent the requisite information to the Bank before 30-7-75. The workman also did not adduce evidence that he was not in a position to send any messenger to the Bank conveying about his daughter's illness. In the absence of any evidence, the fact that the daughter of the workman suddenly fell ill on 27-7-75 and the workman could not move out of his house had to be accepted. There is no provision in the settlement dated 19-10-1966 as to how an unforseen circumstance could be dealt with by an employee on privilege leave wanting to get the leave extended. In view of the illness of the child the workman could not leave his house; his case is that he could not also send any information to the Bank regarding the illness of his child. Paragraph 13.3 of the settlement cannot in the circumstance of the case be pressed into service in the absence of any provision in that paragraph as to how an unforseen circumstance could be dealt with by an employee who wanted to get extention of the privilege leave. It is relevant to point out that the Bank wanted to take disciplinary action against the workman for overstaying sanctioned leave under paragraph 19.7(a) of the settlement dated 19-10-66. According to that paragraph "overstaying sanctioned leave without sufficient grounds", is a "minor misconduct" which calls for any of the punishments enumerated in paragraph 19.8 of the Settlement. The Bank would have realised later that the charge for minor misconduct if laid against the workman, the management could not have sustained it in case the workman had proved sufficient ground for overstaying his leave. Any way the management dropped the charge and proceeded against the workman on the ground that he did not conform to the rules of procedure laid down in the settlement dated 19-10-66 for overstaying his leave. I have already held that the workman overstaying his leave in the special circumstances of this case did not come within the purview of paragraph 13.3 of the settlement. I find therefore that the Bank is not justified in withholding his salary and allowances for the period from 27th July to 29th July, 1975.

12. The case of the three workmen Naba Kumar De, Ajoy Kumar Mukherjee and Raghubans Tewari stands on a different footing. These three workmen did not attend office on 1-7-75, 7-7-75 and 17-7-75 respectively. They also did not file any application for casual leave either on the day they went on leave or on the next day when they reported for duty. Ext. M-2 dated 23-7-75, Ext. M-1 dated 17-7-75 and Ext. M-4 dated 22-7-75 are respectively their leave applications. No leave application had been filed earlier to those dates. Exts. W-3, W-6 and W-7 are the relative correspondence that passed between these workmen and the Bank. The Bank brought to the notice of the workmen the provisions of para 13.23 of the settlement dated 19-10-66, which govern the procedure to be followed by the employees taking casual leave. It is clear from the above para that the workmen should have filed applications for casual leave latest on the day they resumed duty. The para referred to above states, "In any event a written application shall be submitted to such authority latest on the day the employees resumes duty". The workmen have no explanation for not submitting such an application on their returning to duty after each of them availed of one day's casual leave.

13. The workmen in question allege that due to a long-standing practice in the Bank leave applications are not filed for casual leave immediately after their return from leave and that, therefore, they did not file applications in time in these cases. This is not a valid ground. On witness was also examined on behalf of the workmen to prove the prctice. There was very little in his evidence to establish a practice. The evidence could not be relied upon. The workman have no other contention for their failure to apply for leave in these cases. I find that these three workmen violated the provisions of paragraph 13.23 of the Settlement and the Bank is justified refusing casual leave to those workmen on the respective days on which they failed to attend office without leave. Their proportionate salary was rightly deducted for 1st, 7th and 17th July,1975.

14. The second part of the Reference deals with the recovery of the amounts shown against the three workmen in the Reference, on account of the failure to produce evidence of their return journey in respect of leave fare concession availed of by those workmen. It is admitted that the Bank had paid both the outward and inward journey towards the leave fare concession due to the workmen and they had also undertaken to produce evidence of their return journey on completion of the journey. They did not produce any evidence. So the Bank sought to recover the amount from each of these three workmen out of the salary due to them for the month of September, 1975. Later the Bank directed the workmen to treat the amount as a loan and pay it in instalments with interest at 18 percent per annum. Finally, the amount was recovered from their salary due for the month of November, 1975.

15. The management relies upon the provisions of paragraph 10.11 of the Settlement dated 19-10-1966. Paragraph 10.11 reads :

> "10.11. The fare permissible under leave, fare concession will be advanced to the workman on the following conditions :
>
> (i) In the case of outward journey on his undertaking to produce ticket before the commencement of the journey or within 7 days from the date of the advance, whichever is earlier. On such evidence being produced the fare for the return journey will also be evidenced subject to the condition that evidence of the return journey shall be produced to the Bank within 7 days of the resumption of duties by the workman.
>
> (ii) In case members of the workman's family avail of the leave fare concession before or after he himself avails of the concession, the appropriate outward fares will be advanced against his undertaking to produce evidence of travel within 30 days from the date of the advance.
>
> The return fare will also be advanced subject to the condition that evidence of the return journey is produced to the bank not later than 30 days from the date of the advance."

The workmen are entitled to II class Railway fare and they received payment on their production of Rail tickets when the full amount was paid towards their to and fro journey. It is clear that the management did not issue a show cause notice to the workmen to produce evidence for return journey. On the other hand they issued memos on 26-8-1975 which was the pay day for the workmen stating that the amount in lieu of return journey shall be deducted from their salary. So the workmen did not get an opportunity to produce evidence of their return journey. I find that the Bank should have issued a show cause notice giving them a chance to produce evidence of return journey. Without giving such notice the Bank should not have deducted the amount from their salary. The ction of the Bank in this regard has to be found against. The three workmen referred to above will get back the amount shown against their names in the reference.

16. The workmen however are bound to produce proper or sufficient evidence in support of their return journey. The Bank is therefore permitted to initiate separate proceedings against these workmen for production of evidence in support of their return journey failing which the Bank will be at liberty to recover the identical amount from the workmen.

17. Before parting with the case I like to remind the workmen that the discipline among the employees of the Bank is absolutely necessary for the smooth working of the Bank and rules and regulations of the Bank shall be adhered to in a spirit of trust and cooperation in discharge of their duty.

18. In the result, the Reference is answered in favour of workmen, (1) Amar Banerjee and (2) Bikashendu Mukherjee directing the Graindlays Bank Limited to pay their proportionate salary and allowances for 2nd September, 1975 and 27th to 29th July, 1975 respectively; The claims of workmen, Naba Kumar De, Ajoy Kumar Mukherjee and Raghubans Tewari are found against. They are not entitled to get the proportionate salary from the Bank.

The workmen, Bali Ram Pandy, Shree Nath Pandey and Hira Lal Chowdhury will get back the amount shown against their names in the Reference. However, they will produce evidence of their return journy on receipt of a show cause notice from the Bank.

An award is passed accordingly.

E. K MOIDU, Presiding Officer

Dated, Calcutta,
The 28th August, 1976.

[F. No. L-12012/159/75-D II(A)]
R P. NARULA, Under Secy

New Delhi, the 3rd September, 1976

S.O. 3383.—In pursuance of section 17 of the Industrial Disputes Act, 1947 (14 of 1947), the Central Government hereby publishes the following award of the Central Government Industrial Tribunal No. 1, Dhanbad, in the industrial dispute between the employers in relation to the management of North Keshalpur Colliery Co. Private Ltd., Post Office Katrasgarh and their workmen, which was received by the Central Government on the 24th August, 1976.

केन्द्रीय सरकार औद्योगिक न्यायाधिकरण-सह-श्रम न्यायालय संख्या-1, धनबाद

प्रतिप्रेषण संख्या 4 सन् 1972

(श्रम मंत्रालय की आदेश संख्या एल/1012/188/71-एल-आर-II, दिनांक 7 फरवरी, 1972)

पक्ष	प्रबंधक, नार्थ केशलपुर, कोलियरी कम्पनी प्राइवेट लिमिटेड डाकखाना कतरासगढ़, जिला धनबाद
	विरुद्ध
	उनके श्रमिक।
प्रस्तुत	श्री जम्टीस कुज बिहारी श्रीवास्तव (अवकाश प्राप्त) पीठासीन पदाधिकारी
उपस्थिति	
प्रबंधक पक्ष	श्री एस० एम० मुखर्जी, अधिवक्ता
श्रमिक पक्ष	श्री पी० के० अधिवक्ता।
राज्य बिहार।	उद्योग कोयला

धनबाद, 20 अगस्त, 1976

अवार्ड

श्री एल० पी० सिंह (अतःपश्चात् श्री सिंह) मैसर्स नार्थ केशलपुर कोलियरी कम्पनी प्राइवेट लिमिटेड (अतःपश्चात् कोलियरी कम्पनी) में ओवरमैन के पद पर काम करते थे। इनके विरुद्ध दो आन्तरिक जांचे पदावधार के कारण की गईं। श्री बी० लाल, जो एक स्थानीय अधिवक्ता है उनको कोलियरी कम्पनी ने जांच अधिकारी नियुक्त किया था। कुल मिलाकर सात दोषारोप थे। पहली जांच पांच से और दूसरी दो दोषारोपों से सम्बन्धित थी। श्री बी० लाल ने दो पृथक रिपोर्टें दोनो जांचों के सिलसिले में कोलियरी कम्पनी को, प्रदर्श एम-27 पहली जांच के बारे में और प्रदर्श एम-29 दूसरी जांच के बारे में फरवरी 26, सन् 1971 को दी। पहली जांच के सिलसिले में उन्होंने श्री सिंह को पांचों आरोपों का दोषी ठहराया और दूसरी जांच के सिलसिले में उन्होंने उनको दोषारोप संख्या एक का दोषी नहीं पाया परन्तु दोषारोप संख्या दो का दोषी ठहराया। कोलियरी कम्पनी ने दोनो जांच रिपोर्टों का अध्ययन करके एक संयुक्त आदेश प्रदर्श एम-24 1/2 मार्च सन् 1971 को जारी किया और उस आदेश से श्री सिंह उक्त तारीख से अपने पद से पदच्युत हो गए।

(2) कोलियरी कम्पनी में श्रमिकों के दो पृथक पृथक सम्मेलन थे। एक का नाम नार्थ केशलपुर कोलियरी वर्कर्स यूनियन था और दूसरे का नाम कोलियरी मजदूर संघ (अतःपश्चात् मजदूर संघ) था। मजदूर संघ ने पदच्युत होने का औद्योगिक विवाद खड़ा किया और इस कारण भारत सरकार के श्रम मंत्रालय ने औद्योगिक विवाद अधिनियम के धारा 10, उप-धारा (1)(डी) में दिये हुए अपनी शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नलिखित विषय इस न्यायाधिकरण के पास निर्णय के लिए भेजा। विषय यह है —

"क्या कोलियरी कम्पनी का श्री सिंह का पदच्युत करना न्यायसंगत और उचित था अथवा नहीं? और यदि न्यायसंगत और उचित नहीं था तो श्री सिंह को क्या सहायता मिलनी चाहिये।"

(3) लिखित सूचना प्राप्त होने के पश्चात् कोलियरी कम्पनी ने और मजदूर संघ के सचिव ने अपने अपने लिखित वक्तव्य प्रस्तुत किये। मजदूर संघ ने कोलियरी कम्पनी के लिखित वक्तव्य का उत्तरोत्तर भी प्रस्तुत किया। प्रतिप्रेषण के विचाराधीन होने के काल में भारत सरकार ने एक अध्यादेश प्रख्यापन किया जिसका नाम कोल माइन्स (टेकिंग ओवर आफ मैनेजमेन्ट) आर्डीनेन्स सन् 1973 है। यह अध्यादेश 31 जनवरी सन् 1973 को प्रख्यापन हुआ और भारत कोकिंग कोल लिमिटेड (अतःपश्चात् बी० सी० सी० एल०) इस कोलियरी कम्पनी का अपर कस्टोडीयन जेनरल नियुक्त हुआ और कोलियरी कम्पनी का प्रबंध उन्होंने अपने हाथों में ले लिया। मजदूर संघ ने इस कारण एक आवेदन पत्र दिया कि कस्टोडियन जेनरल को भी एक फरीक बना लिया जाय। सूचना प्राप्त होने के बाद कस्टोडीयन जेनरल ने फरीक होना स्वीकार किया। उन्होंने अपना लिखित वक्तव्य भी दाखिल किया। अध्यादेश बाद में कोल माइन्स (टेकिंग ओवर आफ मैनेजमेंट) एक्ट 1973 में परिवर्तित हो गया। तदुपरान्त कोल माइन्स (नेशनलाइजेशन) एक्ट, 1973 पारीत हुआ और यह कोलियरी कम्पनी भारत सरकार में निहीत हो गई। कोयला खान राष्ट्रीयकरण अधिनियम पहली मई सन् 1973 में लागू हुआ।

(4) कोलियरी कम्पनी ने श्री बी० लाल को न्यायाधिकरण के सम्मुख एम-डब्ल्यु-एक की हैसियत से पेश किया। मजदूर संघ ने इस मौखिक साक्ष्य के उत्तर में अपने गवाहों को पेश करने की अनुमति मांगी परन्तु कोलियरी कम्पनी ने इसका विरोध किया और कहा कि औद्योगिक विवाद अधिनियम की धारा 11ए के 15 दिसम्बर सन् 1971 को जुड़ जाने के बाद मजदूर संघ को कोई गवाह पेश करने का अधिकार नहीं है। इस अन्तरीम विवाद का निर्णय पहले करना पड़ा और यह निर्णय दिया गया कि मजदूर संघ को ऐसा अधिकार प्राप्त है। और मजदूर संघ ने तब न्यायाधिकरण के सम्मुख चार साक्षी प्रस्तुत किये।

(5) लिखित वक्तव्य में कोलियरी कम्पनी ने कहा है कि मजदूर संघ मान्यता प्राप्त संघ नहीं है और इसको श्रमिकों का प्रतिनिधित्व करने का कोई अधिकार नहीं है, यह भी कहा है कि श्री सिंह इस संघ के सदस्य भी नहीं थे और यह भी कहा है कि मान्यता प्राप्त यूनियन नार्थ केशलपुर कोलियरी वर्कर्स यूनियन है जिसके श्री सिंह उप-प्रधान भी थे अतः जो विवाद मेरे सामने है वो व्यक्तिक है न कि औद्योगिक और इस कारण न्यायाधिकरण को निर्णय करने का अधिकार नहीं है। कोलियरी कम्पनी ने यह भी कहा है कि न श्री सिंह ने न मजदूर संघ ने कोई औद्योगिक विवाद कोलियरी कम्पनी के साथ उठाया अतः श्रम मंत्रालय को कोई अधिकार इस मामले के निर्णय के लिए इस न्यायाधिकरण में भेजने का अधिकार नहीं था। कोलियरी कम्पनी ने यह भी कहा है कि दोनो आन्तरिक जांचे सद्भाव और निष्कपट रूप से की गई थीं। और पदावचार साबित हुए थे और उनके साबित होने के बाद पद से पदच्युत करने के अलावा और कोई रास्ता नहीं था। अतः निर्णय उनके हक में होना चाहिए।

(6) अपने लिखित वक्तव्य में मजदूर संघ ने यह बताया है कि कोलियरी कम्पनी श्रमिकों को अन्य-अन्य प्रकार से तंग कर रही थी, उनको उचित मजदूरी तथा और देय रकमें नहीं दे रही थी, उनको कोल माइन्स प्रोविडेन्ट फण्ड का स्थाई सदस्य नहीं होने देती थी और नार्थ केशलपुर वर्कर्स यूनियन उनके हाथ में मात्र कठपुतली की तरह थी और इन कारणोंवश श्री सिंह ने अपने व्यक्तिक श्रम से मजदूर संघ की स्थापना

की और कराई और इसके कारण वो कोलियरी कम्पनी के रोष के भागी हुए। मजदूर संघ के बनने के बाद कोलियरी कम्पनी ने बहुत से श्रमिकों को उनके पदों से हटा दिया और श्री सिंह को बलिकरण करने के लिए अन्याय श्रम व्यवहार का प्रयोग किया और बिल्कुल झूठे एक के बाद दूसरा आरोप थोड़े ही दिनों में लगाकर जांच कराई अतः पद से पदच्युत करना इस अन्याय श्रम व्यवहार का फल है। मजदूर संघ ने यह भी कहा है कि श्री बी० लाल० नार्थ केशलपुर वर्कर्स यूनियन के उप प्रधान थे जो कोलियरी कम्पनी की कठपुतली थी और कोलियरी कम्पनी ने ऐसे व्यक्ति को जांच अधिकारी नियुक्त किया जिनके नियुक्ति के खिलाफ श्री सिंह ने अपना आलोचना पत्र कोलियरी कम्पनी के पास भेजा परन्तु कोलियरी कम्पनी ने उसकी परवाह नहीं की। श्री बी० लाल ने श्री सिंह का अपने बचाव के लिये मुनासिब मौका नहीं दिया। श्री बी० लाल ने वह सबूत नहीं लिया जो कोलियरी कम्पनी के विरुद्ध पड़ जाता था। श्री बी० लाल ने प्रोसिडिंग्स में प्रक्षेपण भी किया। श्री सिंह ने श्री बी० लाल से कहा भी कि वो किसी का भी पक्ष न करें और निष्पक्ष जांच करें परन्तु उन्होंने ऐसा नहीं किया। श्री सिंह ने इसकी शिकायत श्रम विभाग को भी किया परन्तु कोई भी नतीजा नहीं निकला। यह भी कहा गया है कि श्री बी० लाल ने कोलियरी कम्पनी का पक्षपात किया और उनका निर्णय कम्पनी के असर में दिया गया जो कि सत्य और अन्याय के प्रतिकूल है। उन्होंने यह भी कहा है कि चूंकि प्रिंसिपुल्स आफ नैचुरल जस्टीस के विरुद्ध कार्रवाई हुई है अतः वो न्यायाधिकरण के मानने योग्य नहीं है। अन्त मे मजदूर संघ ने यह भी प्रश्न उठाया है कि यदि सारे आरोप साबित भी पाये जाय तो भी पदच्युत का कोलियरी कम्पनी का फैसला न्यायसंगत नहीं है। अपने उत्तरोत्तर मे मजदूर संघ ने कहा है कि सातों आरोप झूठे और बनावटी थे, और यदि सत्य भी थे तो स्टैंडिंग आर्डर में पदाचार के परिभाषा के अन्तर्गत नहीं आते और कोलियरी कम्पनी का यह कहना कि मजदूर संघ ने कोई औद्योगिक विवाद उनके साथ नहीं उठाया था झूठा और मनगढ़ंत है। यह भी कहा गया है कि झगड़ा औद्योगिक है न कि व्यक्तिक और भारत सरकार को पूरा अधिकार था कि इस विवाद को इस न्यायाधिकरण में निर्णय के लिए भेज दे।

7 अपने व्यक्तव्य मे बी०सी०सी०एल० ने कहा है कि कोई औद्योगिक विवाद उनमे और श्री सिंह मे नहीं है क्योंकि ये विवाद कोल माइंस (टेकिंग ओवर आफ मैनेजमेंट) आर्डीनेन्स के प्रख्यापन के पहले का है जबकि न बी०सी०सी०एल० मालिक था और न ही श्री सिंह उसके श्रमिक थे। यह भी कहा गया है कि कोयला खान राष्ट्रीयकरण अधिनियम के पारित हो जाने के बाद भारत सरकार या बी०सी०सी०एल० किसी भी निर्णय के बाध्य नहीं किये जा सकते और यदि कोई भी इस निर्णय से बाध्य होगा तो वो कोलियरी कम्पनी होगी।

8 प्रथम मैं इस विवाद का निर्णय करना चाहता हूं कि बी०सी०सी०एल० की इस विवाद के नतीजे के लिए कोई उत्तरदायित्व है या नहीं। कोल माईन्स (टेकिंग ओवर आफ मैनेजमेंट) आर्डीनेंस का प्राख्यापन 31 जनवरी सन् 1973 को हुआ, इस अध्यादेश के धारा 2(ए) के अनुसार निर्धारित दिन 31 जनवरी सन् 1973 है। अध्यादेश के धारा 3 के अनुसार निर्धारित दिन से कोलियरी कम्पनी का प्रबंधक भारत सरकार हो गई। धारा 5, उपधारा 2 (बी) के शक्तियो का प्रयोग करते हुए भारत सरकार ने एक अधिसूचना 8 फरवरी सन् 1973 को पारित किया जो भारत सरकार के 3 फरवरी सन् 1973 के असाधारण राजपत्र में प्रकाशित हुआ। इस अधिसूचना के अनुसार बी०सी०सी०एल० उन खानों के जो अधिसूचना मे दिये गये है, प्रबंधक हो गई। कोलियरी कम्पनी अध्यादेश की सूची मे संख्या 108 पर अंकित है अत. बी०सी०सी०एल० इस कोलियरी कम्पनी का प्रबन्धक जैसा कि अधिसूचना मे दिया हुआ है, 7 फरवरी सन् 1973 से हो गई। कोल माइन्स (नेशनलाइजेशन) एक्ट भारत सरकार के असाधारण राजपत्र दिनांक 30 मई सन् 1973 मे प्रकाशित हुआ परन्तु धारा 1 उप धारा (2) के अनुसार यह अधिनियम पहली मई सन् 1973 लागू माना गया है। धारा 2(ए) के अनुसार निर्धारित दिन भी उसी तारीख से है। धारा 3 के उपधारा एक, के अनुसार निर्धारित दिन से उन कोयला खानों का जो अनुसूची मे उल्लिखित है का अधिकार सम्पदा सम्पत्ति स्वत्व पूर्ण रूप से भारत सरकार को हस्तान्तरित हो गये और ये हस्तांतरण सर्वभारमुक्त था। धारा 5 के उपधारा (1) के अनुसार भारत सरकार को यह शक्ति प्राप्त थी कि वो अनुसूचित कोलियरी कम्पनी का अधिकार, सम्पदा तथा सम्पत्तिस्वत्व जो उनको प्राप्त हो चुका था किसी गवर्नमेंट कम्पनी को सौप दे। भारत सरकार ने अपने आज्ञा संख्या 101(18)/73-सी-11, दिनांक 12 जून सन् 1973 के अन्तर्गत इस कोलियरी कम्पनी का स्वामित्व बी०सी०सी०एल० को पहली मई सन् 1973 से दे दिया। अनुसूची में यह कोलियरी कम्पनी संख्या 145 पर अंकित है और आदेश दिनांक 12 जून सन् 1973 इस कम्पनी पर लागू है। धारा 7 मे यह प्रावधान है कि कोयला खानों के पूर्व मालिकों का जो भी उत्तरदायित्व था, जो उत्तरदायित्व निर्धारित दिन के पहले का था, वो उत्तरदायित्व उन्हीं का रहेगा और उन्हीं के खिलाफ दायित्व का फैसला किया जा सकता है न कि भारत सरकार या सरकारी कम्पनी के विरुद्ध धारा 7 के उप-धारा (2) में भी इसी तरह का प्रावधान है कि कोई मजदूरी का दावा भारत सरकार या सरकारी कम्पनी के विरुद्ध नहीं ठहर सकता, कोई एवार्ड निर्धारित दिन के बाद भारत सरकार या सरकारी कम्पनी के विरुद्ध नहीं दिया जा सकता इत्यादि, इत्यादि। परन्तु यह जरूरी है कि उत्तरदायित्व उस काल का हो जो निर्धारित दिन के पूर्व का हो। ऊपर देखा जा चुका है कि श्री सिंह अपने पद से पदच्युत 2 मार्च सन् 1971 से किये गये हैं। पहली मई सन् 1973 के पहले का कोई भी दायित्व भारत सरकार या सरकारी कम्पनी पर नहीं हो सकता। धारा 28 में प्रावधान है कि राष्ट्रीयकरण अधिनियम के विरुद्ध अगर और कोई अधिनियम हो जो ऐसे अधिनियम का असर राष्ट्रीयकरण अधिनियम के प्रावधानों पर नहीं होगा। नतीजा यह हुआ कि श्री सिंह के हक में कोई भी एवार्ड बी०सी०सी०एल० के खिलाफ जो एक सरकारी कम्पनी है, नहीं दिया जा सकता।

9 इसके पूर्व कि मैं इस बात को छानबीन करूं कि पदच्युत उचित था या नहीं, यह उपयुक्त मालूम होता है कि कुछ ऐसी बातों का निर्णय दे दूं जो पूर्व मालिक यानी कोलियरी कम्पनी के विद्वान् अधिवक्ता ने उठाया है।

10 उनकी पहली बहस यह है कि मजदूर संघ के नाम का कोई संघ कोलियरी कम्पनी में नहीं था। यह बहस सबूत के विरुद्ध है। श्री पी० के० राय ने जांच अधिकारी के सम्मुख यह बयान दिया था कि श्रमिक मजदूर संघ के सदस्य सितम्बर और अक्तूबर सन् 1970 में हो गये थे। श्री चन्द्रशेखर सिंह डब्ल्यू-डब्ल्यू-1 ने न्यायाधिकरण के सम्मुख यह बयान दिया कि कोलियरी कम्पनी में दो पृथक-पृथक् संघ थे जिनमें एक मजदूर संघ था और एक नार्थ केशलपुर वर्कर्स यूनियन। वे स्वयं वर्कर्स यूनियन के सदस्य थे परन्तु श्री सिंह मजदूर संघ के नेता थे। जिरह में उन्होंने यह भी कहा कि श्री सिंह मजदूर संघ के सदस्य सन् 1970 मे हुए और वे उसके शाखा सचिव भी थे। श्री सिंह डब्ल्यू-डब्ल्यू-4 ने मेरे सम्मुख बयान दिया कि वर्कर्स यूनियन सन् 1969 में स्थापित हुआ था और वह उसके उप प्रधान अगस्त सन् 1970 तक रहे। सितम्बर सन् 1970 में उन्होंने अपनी सदस्यता से इस्तीफा दे दिया और मजदूर संघ के सदस्य बन गये और उसके बढ़ावा देने में भरसक प्रयत्न करते रहे जिस कारण वे कोलियरी कम्पनी की आंखों में कांटा बन गये। उन्होंने श्रमिक प्रदर्श 16, 17, और 18 साबित किया। प्रदर्श 16 रसीदी पुस्तकें हैं जो 11 जुलाई सन् 1970 से शुरू होकर 23 दिसम्बर सन् 1970 तक की है। ये रसीद पुस्तकें यह बतलाती हैं कि मजदूर संघ के तेरह जुलाई सन् 1970 से लेकर 23 दिसम्बर सन् 1970 तक 81 सदस्य थे। प्रदर्श 17 जाहिर करता है कि यह संख्या बढ़कर 103 तक पहुंच गई। प्रदर्श 18 एक पत्र है जो सामान्य सचिव ने कोलियरी कम्पनी को 18 जुलाई सन 1971 को भेजा और जिसमे यह लिखा हुआ है कि मजदूर संघ के एक्जक्युटिव कमेटी का चुनाव 7 जनवरी सन् 1971 को हुआ और यह भी लिखा है कि कौन-कौन उसके सदस्य हुए और कौन-कौन प्रधान, उप प्रधान, सचिव, सहायक सचिव तथा ट्रेजरर चुने गये। श्री सिंह सहायक सचिव चुने गये थे। उपरोक्त मौखिक तथा लेख्य प्रदर्शों से भलीभांति साबित हैं कि मजदूर संघ कोलियरी कम्पनी में एक संघ था।

22 मार्च सन् 1971 को श्री ताराचन्द जो कोलियरी कम्पनी के निदेशक थे ने एक इस्तगासा फौजदारी न्यायालय में दाखिल किया जिसमें उन्होंने खुद ही तसलीम किया है कि कुछ श्रमिक एक दूसरा संघ बना रहे हैं। सब सबूत देखने के बाद मैं इस निष्कर्ष पर पहुंचता हूं कि मजदूर संघ इस कोलियरी कम्पनी के श्रमिकों का एक संघ था।

11 उनकी दूसरी बहस यह है कि मजदूर संघ कोई रजिस्टर्ड या मान्यता प्राप्त संघ नहीं है। न ही ये किसी विवाद के उठाने का अधिकार रखता है। मेरी राय में इस बहस में भी कोई तत्व नहीं है। उच्चतम न्यायालय तथा उच्च न्यायालयों ने कई बार ऐसा निर्णय दिया है कि औद्योगिक विवाद उठाने के लिए इसकी आवश्यकता नहीं है कि संघ रजिस्टर्ड हो, या मान्यता प्राप्त हो। उनका निर्णय यह है कि औद्योगिक विवाद उठाने के लिए यह काफी है कि श्रमिकों का एक भाग चाहे वो अल्प संख्यक ही हो ऐसा विवाद उठा सकते है। अतः मेरी समझ में यह बखूबी साबित है कि मजदूर संघ को औद्योगिक विवाद उठाने का अधिकार है।

12 उनकी तीसरी बहस यह है कि मजदूर संघ ने कोई औद्योगिक विवाद कोलियरी कम्पनी के साथ कभी भी नहीं उठाया अतः जो विवाद मेरे सामने है वह व्यक्ति क विवाद है और औद्योगिक विवाद नहीं माना जा सकता। इस बहस में भी कोई सार नहीं है। मजदूर संघ के आरगेनाइजिंग सचिव ने एक पत्र प्रदर्श डब्ल्यू-5 कोलियरी कम्पनी के मैनेजिंग डाइरेक्टर के पास 5 मार्च, सन् 1971 को भेजा था जिसमें उन्होंने लिखा था कि या तो वे श्री सिंह को बहाल कर लें वरना संघ इसका विवाद रीजनल लेबर कमिश्नर के साथ उठायेंगे। श्री सिंह ने भी एक पत्र प्रदर्श डब्ल्यू-13 निदेशक के पास 3 मार्च सन् 1971 को भेजा जिसमें उन्होंने मांग की कि उनकी पुनर्नियुक्ति कर दी जाय नहीं तो वो इस विषय का औद्योगिक विवाद खड़ा करेंगे। कोलियरी कम्पनी ने इन मांगों की परवाह नहीं की। मामला एसिस्टेंट लेबर कमिश्नर के पास पहुंचा। जो कागज मंत्रालय ने न्यायाधिकरण के पास भेजा है उसके साथ असिस्टेंट लेबर कमिश्नर की असफलता रिपोर्ट भी संलग्न है। उस रिपोर्ट के पढ़ने से यह अच्छी तौर से विदित होता है कि असिस्टेंट लेबर कमिश्नर ने दोनो पक्षो से 5 जुलाई, 13 जुलाई, 21 जुलाई, 31 जुलाई, 10 अगस्त, 16 अगस्त, 6 सितम्बर, 20 सितम्बर और 25 सितम्बर सन् 1971 को बातचीत की परन्तु कोई नतीजा नहीं निकला। 25 सितम्बर सन् 1971 को उन्होंने कंसीलिएशन की कार्रवाई शुरू की। कोलियरी कम्पनी की तरफ से मैनेजिंग डाइरेक्टर और मजदूर संघ की ओर से केन्द्रीय एक्जक्युटिव कमेटी के सदस्य ने भाग लिया। कोलियरी मजदूर संघ के प्रतिनिधि पृथक् तौर से श्री एम० एन० मिश्रा भी थे। मजदूर संघ ने अपनी मांग अपने पत्रो दिनांक 21 जून, 21 जुलाई, 16 अगस्त और 25 सितम्बर के द्वारा रखा। प्रबन्धक की ओर से उनका जवाब उनके पत्रो दिनांक 3 जुलाई, 21 जुलाई, 30 जुलाई, 25 अगस्त, 20 सितम्बर और 25 सितम्बर से दिया गया। कोई समझौता असिस्टेंट लेबर कमिश्नर नहीं करा पाये। उपरोक्त बातो से साफ जाहिर है कि मजदूर संघ ने औद्योगिक विवाद कोलियरी कम्पनी के सामने सीधे सीधे रखा। यह भी साबित है कि एसिस्टेंट लेबर कमिश्नर के सामने दोनो पक्ष विवादग्रस्त थे। एक पक्ष अपनी मांग रखता था और दूसरा पक्ष उस मांग को मानने के लिये तैयार नहीं था। और क्या विवाद हो सकता था और किस तरह से औद्योगिक विवाद खड़ा किया जा सकता था। मेरी राय मे औद्योगिक विवाद दोनों पक्षों मे था। मैं यह भी कहना चाहूंगा कि औद्योगिक विवाद अधिनियम के धारा 2ए के अन्तर्गत भी यह विवाद औद्योगिक विवाद बन जाता है क्योंकि विवाद पदच्युत से सम्बन्ध रखता है। इस धारा के अन्तर्गत व्यक्तिक विवाद भी औद्योगिक विवाद माना जायगा। यदि ऐसा विवाद पदच्युत से सम्बन्ध रखता हो।

(13) चौथी बहस यह है कि श्रम मंत्रालय के सम्मुख कोई ऐसा मेटीरियल नहीं था जिसके आधार पर वह एक प्रतिप्रेशन इस न्यायाधिकरण के पास भेज सकते। इस बहस मे भी बिल्कुल जान नहीं है क्योंकि एक श्रमिक को पदच्युत किया गया था और वह कहता था कि पदच्युत का आदेश बिल्कुल गलत है और कोलियरी कम्पनी यह कहती थी कि आदेश न्यायसंगत और उचित था। फिर ऐसी हालत में सिवाय प्रतिप्रेशन इस न्यायाधिकरण में भेजने के और क्या चारा था। यह बहस भी मैं रद्द करता हूं।

14 मजदूर संघ के योग्य प्रतिनिधि ने यह बहस की कि नैसर्गिक न्याय के सिद्धांतों का पालन जांच अधिकारी ने दोनों जांचों में से किसी भी जांच में नहीं किया। इस कारण केवल दोनों जांच ही नहीं बल्कि पदच्युत का आदेश भी मानने लायक नहीं है। श्री सिंह ने एक पत्र प्रदर्श डब्ल्यू-7 कोलियरी कम्पनी के मैनेजिंग डाइरेक्टर के पास 2 फरवरी सन् 1971 को भेजा था जिसमें उन्होंने श्री ० बी० लाल की नियुक्ति के बारे में ऐतराज किया था और कहा था कि श्री बी० लाल कोलियरी कम्पनी के अधिवक्ता हैं, वे जांच करने की फीस पायेंगे तथा वे वर्कर्स यूनियन के भी अधिवक्ता हैं जो यूनियन मजदूर संघ से खिलाफ है, अतः वे जांच न करे। मैनेजिंग डाइरेक्टर ने इसका जवाब प्रदर्श डब्ल्यू-4 के द्वारा 3 फरवरी को दिया जिसमें उन्होंने कहा कि श्री बी० लाल कम्पनी के रीटेन्ड अधिवक्ता नहीं हैं और यह भी कहा कि केवल इस बात से कि जांच करने की फीस उनको दी जायगी यह माने नहीं निकाला जा सकता कि श्री बी० लाल को श्री सिंह के खिलाफ कोई वैमनस्य हो सकता है। मेरी राय में कोलियरी कम्पनी की बात न्यायसंगत है। शरण मोटर्स प्राइवेट लिमिटेड बनाम विश्वनाथ, 1964 (2) एल-एल-जे-139 और मैसर्स डालमिया दादरी सीमेंट लिमिटेड बनाम मुरारी लाल, 21 एल-एल-आर-201 में उच्चतम न्यायालय ने यह निर्णय दिया है कि यदि कोई अधिवक्ता किसी मालिक के मुकदमे में कभी कभी पैरवी किये हों और आन्तरिक जांच में जांच करने की फीस लें तो यह नहीं कहा जा सकता कि ऐसे अधिवक्ता की नियुक्ति नैसर्गिक न्याय के सिद्धान्त के विरुद्ध होगा। उच्चतम न्यायालय ने यह भी कहा है कि साधारणतः मालिक के कोई अधिकारी ही जांच करते हैं और वेतन भी मालिक ही से पाते है लेकिन यह नहीं कहा जा सकता है कि ऐसे अधिकारी का जांच करना नैसर्गिक न्याय के विपरीत है, जब तक कि ये न साबित हो जाय कि उनके दिल में श्रमिक के विरुद्ध अश्रद्धा है और बदनियती है। और यदि उनके खिलाफ नैसर्गिक न्याय की बात नहीं उठाई जा सकती तो अधिवक्ता के खिलाफ भी नहीं उठाई जा सकती है क्योंकि वे मालिक के नौकर नहीं हैं बल्कि कभी कभार उनके मुकदमे करते हैं। मजदूर संघ के इस बहस में कोई तत्व नहीं है।

15 श्री सिंह ने एक पत्र प्रदर्श डब्ल्यू-8 लेबर इनफोर्समेंट आफिसर के पास 5 फरवरी सन् 1971 को भेजा जिसमें उन्होंने यह शिकायत की कि जांच के दौरान श्री बी० लाल उन्हीं प्रश्नों का उत्तर लिखते हैं जो कोलियरी कम्पनी के हक मे होता है और कुछ प्रश्नों का उत्तर ही नहीं लिखते अतः उनके साथ न्याय नहीं हो रहा है। लेबर इन्फोर्समेंट आफिसर ने इस विषय पर एक पत्र प्रदर्श डब्ल्यू9 दिनांक 6 फरवरी सन 1971 मैनेजिंग डाइरेक्टर के पास भेजा जिसमें उन्होंने अनुरोध किया कि नैसर्गिक न्याय के सिद्धांतों का पालन आवश्यक है। अब सवाल यह है कि श्री सिंह का यह आरोप सत्य है या नहीं। श्री बी० लाल का बयान मेरे सम्मुख एम-डब्ल्यू-1 की हैसियत में हुआ और उन्होंने यह कहा कि उन्होंने जांच के दौरान सभी बातें मुनासिब तौर पर लिखी हैं और यह कहना गलत है कि उन्होंने सब बयान सही-सही नहीं लिखे। उन्होंने यह भी कहा कि श्री सिंह ने कभी भी जांच के दौरान उनसे कोई ऐसी शिकायत नहीं की। इसके विरुद्ध श्री सिंह ने यह कहा कि उन्होंने श्री लाल से जांच न करने के लिए कहा था। मैं कोई वजह नहीं पाता कि मैं श्री सिंह के इस कथन को मान्यता दूं। यदि ऐसा हुआ होता तो श्री सिंह कोई न कोई आवेदन पत्र जरूर देते मगर ऐसा कोई आवेदन पत्र जांच की नत्थी में नहीं है। श्री सिंह ने एक शब्द भी इस बारे मे नहीं कहा कि वो कौन से प्रश्न थे जिनके उत्तर श्री लाल ने नहीं लिखा या वो कौन से प्रश्न थे जिनके

अस्तर कोलियरी कम्पनी के हक में न होने के कारण उन्होने लिखने से गुरेज किया इन कारणोवश मै उनकी यह बात मानने के लिए तैयार नही हू । श्री सिह ने अपने लिखित वक्तव्य में यह कहा है कि श्री लाल ने जांच की नत्थी मे जाल किया है परन्तु उन्होने अपने बयान मे इस बात को नही दुहराया और न ही उनकी तरफ से नत्थी के अन्दर कोई ऐसा जाल मुझे दिखाया गया । मालूम होता है कि यह कथन सत्य के विरुद्ध है । यह सही है कि जाच खतम हो जाने के बाद श्री लाल ने कोलियरी कम्पनी के तरफ से कई मुकदमो मे पैरवी की । यह भी सत्य है कि उन्होने राजहश इन्टरप्राइज के भी कई मुकदमो मे पैरवी की और राजहश इन्टरप्राइज मे कोलियरी कम्पनी के मालिको का भी हिस्सा था । यह भी सत्य है कि इन मुकदमो मे ज्यादा फौजदारी के मुकदमे थे और कइयो मे श्री सिह भी एक अभियुक्त थे परन्तु ये मुकदमे जाच के खतम होने के बाद के है । श्री सिह का यह कहना है कि कोलियरी कम्पनी के मालिको मे श्री लाल ने यह वचन दिया था कि यदि वे अपनी रिपोर्ट श्री सिह के खिलाफ देगे तो कम्पनी भविष्य मे अपने मुकदमो मे उनसे पैरवी करायेगी । श्री सिह ने अपने बयान मे ऐसा कुछ नही कहा । सभवत बाद मे जो मुकदमे श्री लाल को दिये गये उनके आधार पर यह उनका महज निष्कर्ष है । श्री लाल ने अपने बयान मे कतई इन्कार किया है कि कोलियरी कम्पनी के मालिकों ने उनको कोई वचन दिया था । इन सब बातो को देखते हुए मैं इस नतीजे पर पहुंचता हू कि ऐसा कोई वचन देना साबित नही है । श्री सिह दोनो जाचो के दौरान सर्वत्र उपस्थित रहे । कोलियरी कम्पनी के सारे गवाह उनके सामने पेश हुए और उन्होने सबसे जिरह भी की । श्री सिह ने दोनो जाचो मे अपने गवाह भी पेश किए । श्री सिह को अपने बचाव का इस तरह से पूरा-पूरा मौका मिला था और उन्होने उस मौके से फायदा उठाया । श्री सिह ने कोई वह सबूत नहीं दिया कि श्री लाल से उनसे कोई पहले की दुश्मनी या अदावत थी या श्री लाल उनके खिलाफ कोई बदनियती रखते थे । केवल इस बात से कि श्री लाल खान मजदूर सघ के उप प्रधान थे यह नही साबित हो सकता कि वो मजदूर सघ के खिलाफ थे । कोई सबूत भी नही दिया गया है कि श्री लाल वाले सघ और श्री सिह वाले सघ मे कोई आपसी झगड़ा था । सब बातो के विचार करने के बाद मै इस नतीजे पर पहुंचता हू कि नैसर्गिक न्याय के सिद्धातो का उचित रूप से पालन हुआ है न कि उल्लघन । श्री सिह के तरफ से इस बहस को मै रद्द करता हू ।

16 अब मुझे यह देखना है कि दोनो जाचो के सिलसिले मे श्री लाल के पृथक पृथक निर्णय सबूत और विधि आधार है अथवा नही ।

17 पहले मै प्रथम आतरिक जाच के प्रथम आरोप पर विचार करूगा । आरोप पत्र प्रदर्श एम-4 दिनाक 26 दिसम्बर सन् 1970 मे यह कहा गया है कि श्री सिह 11 नवम्बर सन् 1970 से लेकर 8 दिसम्बर सन् 1970 तक बिना आज्ञा के छुट्टी पर चले गये और इस छुट्टी पर चले जाने की कोई मुनासिब वजह उन्होने कोलियरी कम्पनी के सामने नही रखा । अत: उन्होने स्टैडिंग आर्डर के पैरा (1) (एन) का उल्लघन किया । श्री सिह का इस आरोप का उत्तर प्रदर्श एम-7 दिनाक 30 दिसम्बर है 1970 में दिया गया है उत्तर कई भागो मे है । प्रथम यह है कि कोलीयरी कम्पनी मे यह प्रचलित नियम था कि जिस भी श्रमिक को छुट्टी पर जाना होता था वह श्री ताराचन्द, निदेशक से जुबानी छुट्टी लिया करता था । इसके विपरीत कोलियरी कम्पनी का यह कहना है कि जुबानी छुट्टी कभी भी नही दी जाती थी और नही कोई ऐसा नियम प्रचलित था । उनका यह भी कहना है कि स्टैन्डिंग आर्डर के आधार पर लिखित आवेदन पर छुट्टी देने की व्यवस्था है और सर्वत्र स्टैन्डिंग आर्डर का पालन किया जाता था । मै दस्तावेजी सबूत और मौखिक सबूत दोनो की अच्छी तरह से अध्ययन करने के पश्चात् इस नतीजे पर पहुचा हू कि श्री सिह का कथन सत्य नही है । जाच अधिकारी के सामने श्री मनसुख लाल मेहता ने अपने जिरह मे इन्कार किया कि जुबानी छुट्टी का कोई प्रचलित नियम था । श्री ताराचन्द ने कहा कि वो कभी भी जुबानी छुट्टी नही देते थे । इसके विपरीत श्री पी० के० राय, यमुना सिह बैजनाथ सिह और श्री सिह ने ऐसे नियम के प्रचलित होने के पक्ष में बयान दिया है । न्यायाधिकरण के सामने एम-डब्ल्यू-1 श्री चन्द्रशेखर तथा एम-डब्ल्यू-2 श्री महेन्द्र प्रसाद साह ने भी ऐसा ही बयान दिया है । इन लोगो का बयान मानने योग्य नही है । न मानने के कई कारण है । श्री पी० के० राय, यमुना सिह, चन्द्रशेखर सिह तथा महोदय प्रसाद साहू ने यह स्वीकार किया है कि जुबानी छुट्टी कही दर्ज नही की जाती थी और दर्ज करने का कोई प्रावधान भी नहीं था । ऐसी बात किसी भी कारखाने या औद्योगिक सस्थान या कोलियरी कम्पनी में होना समझ में नही आती । छुट्टी लेने का हक होना चाहिए । छुट्टी कितने दिन की हो सकती है और किस हालत मे दी जा सकती है इसका लिखित नियम स्टैडिंग आर्डर के पैरा 10 मे है । बिना कही हिसाब किताब रखे किसी प्रबन्धक को भी यह कैसे मालूम हो सकता है कि किसी श्रमिक के खाते मे छुट्टी बाकी है या नही और वो छुट्टी पा सकता है या नही । छुट्टी के काल की मजदूरी देय है या नही । दी गई या नही । कोई न कोई छुट्टी का रजिस्टर रखा जाता होगा । छुट्टी बिना वेतन के दी गई या वेतन के साथ किसी न किसी रजिस्टर मे दर्ज होता होगा । यदि छुट्टी वेतन के साथ दी गई है तो मासिक वेतन पत्र मे दर्ज होगा । इस कारण यह बात मानने योग्य नही है कि जुबानी छुट्टी दी जाती थी और उसका लेखा जोखा नही किया जाता था । दूसरा कारण यह है कि श्री सिह कोलियरी कम्पनी के उन सारे रजिस्टरो को तलब कर सकते थे और जाच अधिकारी या इस न्यायाधिकरण को दिखला सकता था कि उनकी छुट्टियां दर्ज हैं परन्तु कोई आवेदन पत्र छुट्टी के लिए नही दिया गया था परन्तु उन्होने ऐसा कुछ नही किया । श्री चन्द्रशेखर सिह ने अपने जिरह में तस्लीम किया कि यह सत्य नही है कि छुट्टी जुबानी दी जाती थी । श्री पी० के० राय, यमुना सिह और बैजनाथ सिह ने यह कहा कि वो लोग भी जुबानी छुट्टियो पर गये है परन्तु उनकी बात मुझे स्वीकार नहीं है । न स्वीकार करने के कारण ऊपर विदित किय जा चुके हैं ।। यह भी कहना उपयुक्त मालूम होता है कि ये तीनो व्यक्ति श्री सिह के साथी है और उनसे उनकी घनिष्टता भी है ।

18 श्री सिह के प्रथम आरोप के उत्तर का दूसरा भाग यह है कि ऊपर लिखे हुए प्रचलित नियम के आधार पर उन्होने कई बार जुबानी छुट्टी ली भी थी । उन्होने जाच अधिकारी के सामने यह बयान दिया था कि उन्होने 16 नवम्बर, सन् 1969 से लेकर 26 नवम्बर सन् 1969 तक, 7 दिसम्बर सन् 1969 से 16 दिसम्बर सन् 1969 तक, 27 जनवरी सन् 1970 से 31 जनवरी सन् 1970 तक और 24 मार्च 1970 से 28 मार्च 1970 तक जुबानी छुट्टी ली थी । श्री तारा चन्द ने जाच अधिकारी के सामने यह कहा था कि उन्होने कभी भी कोई जुबानी छुट्टी श्री सिह को नहीं दी थी । उनसे उपरोक्त अवकाशो के बारे मे जिरह की गई कि श्री सिह उन कालो मे छुट्टी पर थे या नही और उन्होने कहा कि बिना कागजात को देखे हुए वो इसके बारे मे नही कह सकेंगे । श्री मनसुख लाल से भी पूछा गया था कि श्री सिह 24 जनवरी 1970 को और 23 मार्च 1970 को छुट्टी पर थे या नही और उन्होने कहा कि वे इसके बारे में कुछ नही जानते । इस जिरह से यह नही साबित हो सकता कि श्री सिह उन कालो मे वाकई छुट्टी पर थे । सबसे आसान तरीका उनके लिए यह था कि वह कोलियरी कम्पनी के रजिस्टरो को तलब कर दिखला देते कि वो छुट्टी पर थे मगर यह तरीका उन्होने नही अपनाया और उनसे यह नतीजा निकाला जा सकता है कि यदि वह तलब करते तो सत्य उनके विरुद्ध निकलता ।

19 प्रथम आरोप के उत्तर का तृतीय भाग यह है कि श्री सिह ने श्री ताराचन्द्र से वाकई मे 11 नवम्बर 1970 से 8 दिसम्बर 1970 तक की जुबानी छुट्टी ली थी । जाच अधिकारी के सामने श्री देशराज नागपाल ने यह कहा कि उनको कोई जानकारी नही है और मेरी राय मे हो भी नही सकती थी क्योकि वे छुट्टी के मामले मे सम्बन्धित अधिकारी

नहीं थे । श्री ताराचन्द ने कहा कि यह बिलकुल गलत है कि उन्होंने इस काल मे कोई भी छुट्टी श्री सिंह को दी थी । श्री सिंह ने कहा है कि उन्होंने इस काल की जुबानी छुट्टी श्री ताराचन्द से ली थी और छुट्टी लेने के समय श्री यमूना सिंह भी मौजूद थे । श्री यमूना सिंह ने उनके कथन का समर्थन किया है । श्री बैजनाथ सिंह न यह कहा कि उनको व्यक्तिक जानकारी तो नही है परन्तु श्री डी० के० चौधरी, सेफ्टी आफिसर ने उनसे यह कहा था कि श्री सिंह को छुट्टी दी गई है । श्री डी० के० चौधरी जांच अधिकारी के सामनें कोलियरी कम्पनी के तरफ से गवाह थे परन्तु उनसे एक शब्द भी इसके बारे मे नही पूछा गया । श्री सिंह नें प्रदर्श-एम 14 दिनाक 9 नवम्बर 1970 और एम-15 दिनाक 13 नवम्बर 1970 का हवाला देते हुए यह कहा है कि ये दोनो पत्र अच्छी तरह साबित कर देंगे कि ताराचन्द ने उनको इस काल की जुबानी छुट्टी दी थी । प्रदर्श एम-14 एक पत्र है जिसे एम० एम० सिन्हा ने श्री सिंह को लिखा था जिसमे उन्होंने यह कहा है कि उनको यह बतलाया गया है कि श्री सिंह को छुट्टी मिल गई है परन्तु उनको यह नही मालूम है कि छुट्टी के काल मे वो कोलियरी के क्वार्टर मे रहेंगे या इम्तहान पास करने के लिए किसी स्कूल मे भर्ती होंगे । पत्र मे यह भी लिखा है कि उनकी जो पुस्तकें श्री सिंह के पास है उन्हें वह उनको लौटा दें । प्रदर्श एम-15 एक पत्र है जिसे श्री के० पी० मिश्रा ने यह लिखा है कि श्री सिंह कि छुट्टी के बारे मे मालिक ने श्री के० पी० मिश्रा को यह हुक्म दिया है कि वह फोन पर एस० एन० मंडल को बतला दे कि श्री सिंह को जुबानी छुट्टी 11 नवम्बर से दी गई हैं और रजिस्टर में इसका इन्दराज कर दिया जाय कि श्री सिंह इस काल मे छुट्टी पर हैं । प्रदर्श डबल्यु-12 दिनाक 7 नवम्बर मे यह लिखा हुआ है कि छुट्टी जाने के पहले श्री सिंह पानी के पाइपो को ठीक करा ले । मेरी राय मे यह तीनो प्रदर्श बनावटी मालूम होते हैं । श्री एम० एम० सिन्हा को कोई व्यक्तिक जानकारी नही थी कि श्री सिंह को कोई छुट्टी दी गई है । प्रदर्श एम-14 मे श्री सिन्हा ने यह लिखा है कि उनको मालूम हुआ है कि श्री सिंह को छुट्टी मिल गई है । श्री सिन्हा को गवाही मे जांच अधिकारी के सामनें और न हीं न्यायाधिकरण के सामने पेश किया गया कि वह अपने कथन को साबित करे और जिरह का मुकबला करे । काई कारण नहीं मालूम होता कि जब श्री सिन्हा और श्री सिंह दोनो ही एक ही कोलियरी कम्पनी मे श्रमिक थे और एक ही जगह पर रहते थे और आपस मे मिल सकते थे और किताबें वापस ली जा सकती थी तो पत्र लिखने का प्रश्न कैसे उठ खड़ा हुआ । किताबें तो पत्र से वापस नही आती । या तो श्री सिन्हा को जाना पड़ता या श्री सिंह को जाना पड़ता । इस बात की कोई शहादत नही है कि प्रदर्श डबल्यु-12 का लिखने वाला कौन है । श्री सिंह ने इन्कार किया है कि यह सब प्रदर्श बाद मे तैयार किए गये मगर मुझको ऐसा ही मालूम होता है । प्रदर्श एम-15 भी बनावटी मालूम होता है कहा जाता है कि श्री तारा चन्द ने श्री सिंह को जुबानी छुट्टी दी । श्री तारा चन्द ने श्री के० पी० मिश्रा से कहा कि वह श्री एस० एन० मंडल को फोन पर बता दो कि जुबानी छुट्टी दी गई है । श्री के० पी० मिश्रा को श्री सिंह ने जांच अधिकारी के सामने या मेरे सामने पेश नही किया । श्री एस० एन० मंडल को भी उन्होंने कहीं भी पेश नही किया । श्री ताराचन्द, श्री एस० एन० मंडल को स्वय फोन कर सकते थे दूसरे से फोन करने के लिए कहना असम्भव मालूम होता है । श्री ताराचन्द, एस० एन० मंडल को लिखीत आदेश दे सकते थे कि श्री सिंह को उन्होंने जुबानी छुट्टी दी है और वो उसका इन्दराज रजिस्टर मे कर दें । बयान तो यह दिलाया गया है कि जुबानी छुट्टी का कोई भी लेखा जोखा नही होता था और प्रदर्श यह बोलता है कि लेखा जोखा के लिए श्री ताराचन्द ने श्री के० पी० मिश्रा से फोन करने के लिए कहा । प्रदर्श डबल्यु-12 के लिखने वाले को पेश नही किया गया । यदि श्री ताराचन्द नें फोन करवाया था कि रजिस्टर मे जुबानी छुट्टी दर्ज कर दी जाय तो मालिक के इस आदेश का कर्मचारी पालन करता परन्तु उसके उल्टा कर्मचारी ने रजिस्टर मे श्री सिंह को गैरहाजिर दिखलाया है जिस बात को श्री सिंह स्वय स्वीकार करते हैं अत मै यह मानने के लिए तैयार नही हू कि श्री सिंह को जुबानी छुट्टी दी गयी थी ।

20 प्रथम आरोप के उत्तर का चतुर्थ भाग यह है कि श्री सिंह शायद ही कभी लिखीत आवेदन पत्र से छुट्टी लेते थे । श्री ताराचन्द ने प्रदर्श एम-8 साबित किया जो यह बतलाता है कि श्री सिंह ने अपने हाथ से लिखकर एक आवेदन पत्र 3 मार्च 1969 को दिया जिसके आधार पर उन्होंने 5 मार्च से 12 मार्च सन् 1969 तक लिखीत छुट्टी का लिखीत आज्ञा प्राप्त किया ।

21 प्रथम आरोप के उत्तर का पांचवां भाग यह है कि लिखीत आवेदन पत्र के देने का नियम पत्र संख्या एन-के--17/33/30/70 दिनांक 4 दिसम्बर 1970 से लागू हुआ और उसके पहले जुबानी छुट्टी का नियम था । श्री सिंह ने अपने बयान मे यह कहा है कि यह आदेश 4 दिसम्बर 1970 को नोटिस बोर्ड पर लगाया गया और तब उनको मालूम हुआ और तब उन्होंने लिखीत छुट्टी की दरखास्त दी कि 11 नवम्बर सन् 1970 से 8 दिसम्बर 1970 तक कि उनको छुट्टी दी जाय जो छुट्टी वह पहले ही जुबानी ले चुके थे । 4 दिसम्बर का आदेश यह नही कहता है कि पूर्व नियम जुबानी छुट्टी का था । आदेश यह कहता है कि देखने मे यह आया है कि कुछ श्रमिक छुट्टी पर चले जाते हैं या यह कहना सही होगा कि गैर-हाजिर हो जाते हैं और इसके लिए कोई आज्ञा भी प्राप्त नही करते जिसके कारण काम मे कठिनाई हो जाती है अत हर श्रमिक को आइन्दा के लिए यह बतलाया जाता है कि छुट्टी मे जाने के पहले वे लिखीत आवेदन पत्र दे दिया करे अथवा उनके विरुद्ध कार्रवाई की जायगी । इस आदेश के यह माने नही हुए कि इसके पहले जुबानी छुट्टी का नियम था और चार दिसम्बर के बाद लिखीत छुट्टी का नियम लागू किया गया । मौखिक शहादत भी यही है जो मेरी नजर मे मान्य है कि लिखीत छुट्टी ही का नियम था । श्री मनसुख लाल मेहता ने जांच अधिकारी के सामने कहा है कि जो भी श्रमिक छुट्टी पर जाना चाहता था उसको लिखीत आवेदन पत्र मैनेजिंग डाइरेक्टर या डाइरेक्टर या मैनेजर को देनी पड़ती थी और ऐटेन्डेन्स रजिस्टर मे छुट्टी दर्ज की जाती थी । श्री सिंह 11 नवम्बर 1970 से 8 दिसम्बर 1970 तक मासिक वेतन शीट मे गैर हाजिर दर्ज है । श्री ताराचन्द ने कहा है कि लिखीत छुट्टी मांगनी पड़ती थी । श्री देशराज नागपाल ने इसका समर्थन किया है । श्री पी० के० राय, यमूना सिंह, बैजनाथ सिंह और एल० पी० सिंह ने यह माना है कि यदि डाइरेक्टर ताराचन्द या मैनेजर कोलियरी मे मौजूद नही होते थ और कोई इमरजेन्सी होती थी तो श्रमिक गण लिखीत आवेदन पत्र किसी क्लर्क को दे देते थे ताकि वह क्लर्क जहा कहीं भी डाइरेक्टर या मैनेजर मौजूद हो वहा आवेदन पत्र भेज दे । यह बात मानने के लिए मै कोई वजह नही पाता । जब डाइरेक्टर या मैनेजर मौजूद हो तब तो आवेदन पत्र नही दिया जायगा और यदि वो मौजूद न हो तो दिया जायगा । न्यायाधिकरण के सामने चन्द्रशेखर सिंह एम-डबल्यु-1 ने तसलीम किया कि मैनेजर के मौजूदगी मे भी लिखीत आवेदन पत्र देना पड़ता था । श्री महेन्द्र प्रसाद साह एम-डबल्यु-2 ने श्री सिंह का समर्थन किया और कहा कि लिखीत आवेदन का कोई प्रयोजन नही था । स्टैन्डीग आर्डर क पैराग्राफ 10 (ई) मे ऐसा प्रयोजन है कि लिखीत दरखास्त दी जाय । मै कोई वजह नही पाता कि इस प्रयोजन के होत हुए कोलियरी कम्पनी जुबानी छुट्टी क्यो देगी और श्रमिक जुबानी छुट्टी कैसे लेंगे । जुबानी छुट्टी की व्यवस्था से गड़बड़ी हो सकती है और होगी । अत मै यह निर्णय करता हू कि श्री सिंह का बयान गलत है और नियम लिखीन छुट्टी लेने का था ।

22 प्रथम आरोप के उत्तर का छठा भाग यह है कि छुट्टी के काल मे श्री सिंह कोलियरी मे अपने क्वार्टर मे ही रहे और अपने इम्तहान की तैयारी करते रहे । श्री यमूना सिंह ने ऐसा कहा भी है । श्री सिंह ने भी कहा है । श्री ताराचन्द ने कहा है कि उनको कभी नही बतलाया गया कि श्री सिंह इम्तहान की तैयारी के लिए क्वार्टर मे मौजूद है । मै मान भी लू कि श्री सिंह बाहर नही गये और अपने क्वार्टर मे ही रहे और इम्तहान की तैयारी करते रहे फिर भी इससे कुछ असर नही पड़ता । किसी श्रमिक को स्टैन्डीग आर्डर के अवहेलना करने का अधिकार नहीं हो सकता । यह कोई वजह नही है कि बगैर आज्ञा के घर बैठ जाय और छुट्टी ही न ले । स्टैन्डीग आर्डर 18(1) (एन) मे यह प्रावधान है कि यदि

कोई श्रमिक बिना आज्ञा के और बिना माकुल वजह के, मुतवातीर गैर-हाजीर रहे तो वह मिसकंडक्ट माना जायगा। कोई कागज नहीं दाखिल किया गया है कि श्री सिंह किसी भी इम्तहान मे बैठे। इम्तहान मे बैठन का कागजी सबूत होगा मगर जूबानी सबूत दी गई है। मै मानने के लिए तैयार नही हू कि श्री सिंह किसी इम्तहान की तैयारी के लिए गैरहाजिर हो गये। मै जांच अधिकारी के निष्कर्ष से सहमत हू कि स्टैन्डीग आर्डर के धारा 18(1)(एन) का उल्लघन हुआ है।

23 प्रथम जाच का दूसरा आरोप प्रदर्श एम-13 पर आधारित है। श्री सिंह ने एक पत्र एम-13 को कोलियरी कम्पनी के पास 14 दिसम्बर 1970 को भेजा जो एक संयुक्त पत्र उनकी तरफ से और श्री बैजनाथ सिंह, पी० के० राय और रमा कान्त सिंह की तरफ से था जिसमे श्री सिंह ने यह लिखा था कि जो मेस बावर्ची कोलियरी कम्पनी ने खाना पकाने के लिये मेस को दिया था खाना पकाने के लिये नहीं आ रहा है जिसके कारण मेस के सदस्यो को असुविधा हो रही है अत मेस आवर्ची जल्दी नियुक्त कर दिया जाय। यह पत्र श्री सिंह के हाथ का लिखा हुआ है। इस पत्र पर श्री बैजनाथ सिंह, पी० के० राय और रमा कान्त सिंह के नाम भी श्री सिंह के हाथ के लिखे हुए है। यह सब बाते श्री सिंह स्वीकार करते है। आरोप पत्र प्रदर्श एम-2 दिनांक 18 दिसम्बर, 1970 है। आरोप यह लगाया गया है कि श्री सिंह ने उन तीनो व्यक्तियो के हस्ताक्षर जाली बना दिये है जो उच्छृखल आचरण तथा अश्लील आचरण है जो स्टैंडिग आर्डर के पैरा 18(1) (ई) का उल्लघन करते है और यह उसके दोषी है। प्रदर्श एम-2 मे स्टैण्डिग आर्डर का हवाला नही दिया गया है परन्तु प्रदर्श एम-4 जो 26 दिसम्बर, 1970 को दिया गया था उसमे इसका हवाला है। श्री सिंह ने अपना जवाब प्रदर्श एम-5 दिनांक 20 दिसम्बर, 1970 तथा प्रदर्श एम-7 दिनाक 30 दिसम्बर, 1970 को दिया था। जिसमे उन्होने यह लिखा है कि उन्होने उन तीनो व्यक्तियो के हस्ताक्षर नही किये है बल्की उन तीनों के कहने से प्राथिया के रुप मे केवल उनके नाम मात्र लिख दिये है जिससे कोई जाल नही बनाया गया और उनका नाम उन्होने केवल इस कारण लिखा है कि वह मेस के सदस्य थे और उन्होने कहा कि उनका नाम भी लिख दिया जाय। उन्होन यह भी कहा है कि सत्यता अथवा असत्यता की जाच उन तीनो व्यक्तियो से कर ली जाय। कोलियरी कम्पनी की तरफ से श्री तारा चन्द ने इकार किया है कि ऐसा कोई भी मेस कोलियरी मे था। कोलियरी कम्पनी के गवाह श्री मनसुख लाल ने स्वीकार किया है कि ऐसा मेस था लेकिन उनको यह नहीं मालूम है कि इसके कौन कौन सदस्य थे और इसको कौन चलाता था। श्री पी० के० राय, यमुना सिंह, बैजनाथ सिंह और श्री सिंह ने जाच अधिकारी के सामने बयान दिया था कि ऐसा मेस चालू था जिससे वह और अन्य लोग सदस्य थे। इन सब बयानो को देखते हुए मैं इस नतीजे पर पहुचता हू कि कोलियरी मे एक ऐसा मेस था जिसके सदस्य श्री सिंह, पी० के० राय, बैजनाथ सिंह, रमा कान्त सिंह और अन्य लोग थे और ताराचन्द ने झूठा बयान दिया है कि ऐसा कोई भी मेस नही था। इस सिलसिले मे दूसरा प्रश्न यह है कि मेस का बावर्ची कोलियरी कम्पनी ने दिया था कि नहीं। श्री पी० के० राय, बैजनाथ सिंह और श्री सिंह ने जाच अधिकारी के सामने बयान दिया था कि कोलियरी कम्पनी ने बावर्ची मेस को दिया था जिसका वेतन कोलियरी कम्पनी देती थी परन्तु उसका खाना मेस के सदस्य देते थे। श्री सिंह के जिरह मे यह पूछा गया था कि उसका वेतन सदस्य खुद देते थे न कि कोलियरी कम्पनी लेकिन श्री सिंह ने यह साफ कर दिया कि वेतन कम्पनी देती थी। मै कोई कारण नही देखता कि मै श्री सिंह की बात को क्यो न मानू। अक्सर देखा जाता है कि औद्योगिक सस्थानो मे प्रबधक कैन्टीन की सुविधा देते है और यदि उन्होंने यह सारी सुविधा नही दी और केवल बावर्ची दिया और उसका वेतन देते थे तो इसमे कोई अचम्भे की बात नहीं है। यह भी एक विचार करने की बात है कि यदि बावर्ची नही दिया गया था तो श्री सिंह कम्पनी को क्यो लिखते कि बावर्ची नही आ रहा है और इसकी व्यवस्था कर दी जाय। मालूम यह होता है कि विवाद खड़ा हो चुका था और कम्पनी ने मजदूर सघ के सदस्यो को परेशान करने के लिये बावर्ची का जाना रोक दिया और यही वजह है कि श्री सिंह ने कम्पनी को यह पत्र लिखा। श्री पी० के० राय, यमुना सिंह, बैजनाथ सिंह और श्री सिंह ने यह बयान दिया है कि मजदूर सघ के स्थापित हो जाने के बाद कोलियरी कम्पनी ने बावर्ची का आना बन्द कर दिया और सदस्यो को खाना खाने के लिये बाजार जाना पड़ा। अंतिम प्रश्न यह है कि श्री सिंह ने उन तीनो सदस्यो के हस्ताक्षर जाली बनाये या केवल उनका नाम भर पत्र मे लिख दिया। श्री पी०के०राय और बैजनाथ सिंह ने बयान दिया है कि उनके कहने से श्री सिंह ने पत्र मे उनका नाम लिखा। श्री सिंह ने भी यही बयान दिया। मेरा निर्णय यह है कि कोलियरी मे एक मेस था, उस मे एक बावर्ची था, उस बावर्ची का वेतन कम्पनी देती थी और उसका खाना सदस्य देते थे, उस बावर्ची को कम्पनी ने हटा दिया और उसके कारण श्री सिंह ने कम्पनी को पत्र लिखा और उन्होने उस पत्र को सबकी ओर से और सबके कहने से लिखा और उन तीनो व्यक्तियो के कहने से उनका नाम लिखा। स्टैंडिंग आर्डर के पेरा 18(1)(ई) के अन्तर्गत डिसआर्डरली वर्ताव और डिसओबिडियन्स मिसकन्डेक्ट होता है। पत्र लिखना और पत्र मे पत्र लिखने वालो का नाम डाल देना अश्लील नही हो सकता और न ही यह उच्छृखल आचरण हो सकता है। मेरी राय मे योग्य जांच अधिकारी का फैसला किसी सबूत पर आधारित नहीं है और स्टैण्डिग आर्डर के पैरा 18(1)(ई) के अन्तर्गत भी नही आता है।

24 श्री सिंह और कुछ और लोगो ने एक एफ आई आर कतरासगढ़ थाने मे 13 दिसम्बर, 1970 को दाखिल किया। वह एफ आई आर प्रदर्श एम-10 है। इसमे यह लिखा है कि श्री सिंह, बैजनाथ सिंह, रमा कान्त सिंह, पी०के० राय और कुछ और लोग मजदूर सघ के सदस्य है और उस सघ के जाने माने सदस्य है। श्री ताराचन्द इस वजह से उन लोगो से नाराज है और समय समय पर उन लोगो को धमकी देते रहते है और कहते रहते है कि वह उनको उनके पदो से हटा देगे। यह भी लिखा है कि श्री ताराचन्द के इशारे पर उनके गुण्डे उनको लाठी भाला दिखाते रहते हैं और कोलियरी छोड़कर भाग जाने को कहते रहते है। रिपोर्ट में कुछ गुण्डो का नाम भी दर्ज है। रिपोर्ट मे यह माग की गयी है कि पुलिस उनके जान की सुरक्षा करे। श्री सिंह ने इस रिपोर्ट की एक प्रतिलिपि कोलियरी कम्पनी को भेजी थी जिसका जवाब कम्पनी ने प्रदर्श एम-2 श्री सिंह के पास 14 दिसम्बर 1970 को भेजा। जवाब मे यह लिखा है कि कम्पनी ने कोई गुण्डे नही पाल रखे है न कोई धमकी दी जाती है। यह भी लिखा है कि सभवत श्री सिंह का झगड़ा कुछ सह-श्रमिको से है और यदि ऐसा है तो वह उनका नाम बतला दे। यह भी लिखा है कि कम्पनी उनकी सुरक्षा करेगी और श्री सिंह को खुद अधिकार है कि वह सरकारी अधिकारियो से चारा जोई करे। इन बातो के आधार पर प्रथम जाच का आरोप सख्या 3 आधारित है। आरोप पत्र प्रदर्श एम-4 दिनाक 26 दिसम्बर, 1970 है जिसमे यह लिखा है कि पुलिस रिपोर्ट झूठी है और उस रिपोर्ट के कारण कम्पनी की इज्जत कम हो गयी है और यह स्टैंडिग आर्डर के पैरा 18(1)(सी) और 18(1)(ई) का उल्लघन है। श्री सिंह का जवाब प्रदर्श एम-7 दिनांक 30 दिसम्बर, 1970 है जिसमे उन्होने यह लिखा है कि चूंकि कम्पनी ने लठैत रख लिये है जो अपनी मनमानी कर रहे है इसलिए उन्होंने पुलिस मे अपने बचाव के लिये रिपोर्ट की है और उससे उनका यह मतलब नही है कि कम्पनी की इज्जत मे बट्टा लगे। यह भी लिखा है कि उनको कानून के अन्दर अधिकार प्राप्त है कि वह सरकारी अधिकारियों से अपनी बचाव कराये।

25. जांच अधिकारी के सामने श्री ताराचन्द ने यह कहा कि यह रिपोर्ट झूठी थी। श्री पी०के०राय, यमुना सिंह, बैजनाथ सिंह और श्री सिंह ने बयान किया कि कम्पनी ने कुछ गुण्डो को नौकरी मे रख लिया था और इसकी शिकायत प्रदर्श डब्ल्यू-6 द्वारा श्री सिंह ने कम्पनी को दी। श्री ताराचन्द ने भी एक इस्तगासा इस रिपोर्ट के सिलसिले मे न्यायालय मे दिया। न्यायाधिकरण के सामने भी श्री सिंह ने ऐसा ही बयान दिया। स्टैंडिग आर्डर के पैरा 18(1)(सी) में यह लिखा है कि यदि श्रमिक जानबूझकर इनस्वाडीनेशन या डिसओबेडियन्स का

भागी हो तो वह मिसकन्डक्ट माना जायेगा। पैरा 18(1)(ई) में लिखा है कि कि यदि श्रमिक डिसआर्डली या डिसओबीडेयिन्ट व्यवहार का भागी हो तो वह मिसकन्डेक्ट माना जायेगा। पुलिस में रिपोर्ट दाखिल करना 18(1)(सी) या 18(1)(ई) के अन्तर्गत नही आता और मानहानि का कोई प्रश्न नही उठता। मेरी राय में जांच अधिकारी ने सबूत के विरूद्ध फैसला दिया है और रिपोर्ट करना स्टैण्डिंग आर्डर के अन्दर आता ही नहीं है अतः यह आरोप साबित नही है।

26. मैं अब प्रथम जांच के चतुर्थ आरोप पर आता हूं। आरोप पत्र प्रदर्श एम-3 दिनाक 19 दिसम्बर, 1970 और प्रदर्श एम-4 दिनाक 26 दिसम्बर, 1970 का है। आरोप यह है कि श्री सिह ने 18 दिसम्बर, 1970 को न्यु इनक्लाईन के दोनों शिफ्टो का ओवरमैन्स डेली इन्सपेक्सन रिपोर्ट बुक सेफटी अधिकारी के कार्यालय से उठा ले गये और उसको कार्यालय में वापस नहीं किया और जब श्री डी० के० चौधरी, सेफटी आफिसर ने उनसे वापस करने को कहा तो उन्होने फिर भी वापस नहीं किया और इस तरह उन्होने उचित आदेश का पालन नहीं किया और माइन्स रेग्युलेशनस संख्या 9 और 43(सी) का पालन नहीं किया और स्टैन्डिंग आर्डर के पैरा 18(1)(सी) और पैरा 18(1)(क्यू) का भी पालन नही किया। श्री सिंह का जवाब प्रदर्श एम-6 है। उनका कहना है कि उन्होने 18 दिसम्बर, 1970 को अपनी रिपोर्ट दफ्तर में लिखी परन्तु जब वह पुस्तक रखने के लिए दफ्तर गये तो दफ्तर बंद हो चुका था और इस कारण वह पुस्तक लेकर अपने घर चले गये। उन्होंने यह भी कहा है कि 19 दिसम्बर, 1970 को वह पुस्तक लेकर फिर दफ्तर में गये मगर दफ्तर फिर भी बन्द पाया तब वह पुस्तक लेकर ड्यूटी पर चले गये। वह 20 दिसम्बर, 1970 को पुस्तक वापस नहीं कर सके क्योंकि वह इतवार था। 21 दिसम्बर, 1970 को आठ बजे सुबह वह दफ्तर गये और तब उनपर आरोप पत्र तामील कर दिया गया और उन्होने पुस्तक वापस कर दिया।

27. जांच अधिकारी के सामने श्री डी० के० चौधरी ने बयान दिये कि यह पुस्तक उनके दफ्तर में रखी जाती है। 18 दिसम्बर, 1970 को उन्होंने इस पुस्तक को दफ्तर में नहीं पाया। 19 दिसम्बर, 1970 को उन्होंने इसके बारे में श्री सिह से पूछा और श्री सिह ने कहा कि पुस्तक उनके पास है और वह उसको हाजिर कर सकते है। तब उन्होने श्री सिह से कहा कि वह पुस्तक लाये और श्री सिह ने एक घंटे के बाद पुस्तक लाकर दे दिया। उन्होने यह भी कहा है कि माइन्स रेग्युलेशन के अन्तर्गत पुस्तक दफ्तर मे रखनी चाहिये और सिह को ले जाने का कोई अधिकार नही था। जिरह में उन्होंने कहा कि उनको नियम का ज्ञान नही है परन्तु चेकिंग के लिये पुस्तक को उनके दफ्तर में रखनी चाहिये। उनके पूछने पर श्री सिह ने कहा कि वह पुस्तक अपने घर पर रखते है। उनको इस बात का ज्ञान नहीं है कि और ओवरमैन भी पुस्तक अपने घर पर रखतें है या नही। श्री सिह ने बयान दिया कि पुस्तक मे रोजाना रिपोर्ट इन्क्लाइन माउथ के पास लिखी जाती है। उन्होंने यह भी कहा है कि चेकिंग दो या तीन या कभी कभी पूरे सप्ताह भर नही होती थी। माइन्स रेग्युलेशन में कोई नियम नहीं है कि पुस्तक दफ्तर में रखी जाय। मैंने माइन्स रेग्युलेशनस के संख्या 9 का अध्ययन किया मगर ऐसा कोई प्रावधान नही पाया जो पुस्तक रखने के बारे में हो। रेग्युलेशन 9 आकस्मिक घटना के सूचना देने के बारे मे है। रेग्युलेशन 43(सी) के अनुसार ओवरमैन को निरीक्षण करना होता है और रिपोर्ट रखनी होती है। रेग्युलेशन 43 के उप-रेग्युलेशन 9 के अनुसार एक रिपोर्ट पुस्तक में लिखनी होती है। यह कहीं नही लिखा है कि यह पुस्तक कहां रखी जाय। कोलियरी कम्पनी के विद्वान अधिवक्ता ने तसलीम किया कि कोई रेग्युलेशन इस बारे में नही है और वह इस आरोप को प्रेस नही करते है। स्टैन्डिंग आर्डर 18(1) (सी) मे जानबूझ कर किसी अधिकारी के आदेश की अवहेलना करना मिसकन्डक्ट है। श्री डी० के० चौधरी ने खुद ही कहा है कि जब उन्होंने पुस्तक मागा तो श्री सिह ने एक घंटे के बाद लाकर पुस्तक दे दिया। पैरा 18(1)(क्यु) में यह लिखा है कि यदि कोई श्रमिक माइन्स एक्ट का या किसी अधिनियम का या किसी अधिनियम के अन्तर्गत बने हुए नियमो, रेग्युलेशनो या बाईलाओं का पालन न करे या किसी स्टैन्डिंग आर्डर का पालन न करे तो वह मिसकन्डक्ट का दोषी होगा। साफ जाहीर है कि सिह ने किसी आदेश, किसी अधिनियम या किसी अधिनियम के अन्दर बने हुए नियमो इत्यादि की अवहेलना नही कि, जांच अधिकारी ने सबूत और कानून के खिलाफ फैसला दिया है।

28. प्रथम जांच का पांचवां आरोप अब सामने है। श्री सिंह और कुछ और लोगों ने एक एफ आइ आर प्रदर्श 9 कतरासगढ थाने मे 17 दिसम्बर, 1970 को दिया। उसमे यह लिखा है कि जब वह श्री बैजनाथ सिंह, पी० के राय तथा दो और लोग कतरास बाजार में खाना खाकर 16 दिसम्बर, 1970 को रात के 9 बजे अपने निवास स्थानों को लौट रहे थे और स्क्रीनीग प्लान्ट जो कटरी नदी के तीर पर है पहुंचे तो श्री ताराचन्द, कुलभूषण, देशराज नागपाल, गया बक्स, जगदीश चन्द्र, विक्रम सिंह, जनार्दन मिश्र, राम वृक्ष, राम जनम और 10/15 गुण्डों ने उनको और उनके साथियों को घेर लिया। गुण्डों के पास लाठी और भाले थे। कुछ गुण्डों के नाम रिपोर्ट में दिये हुये हैं। उन लोगों ने श्री सिह और उनके साथियो से कहा कि यदि वह कोई मांग करेंगे तो एक पखवारे के अन्दर मारपीट कर भगा दिये जायेंगे। रिपोर्ट में यह प्रार्थना की गई है कि पुलिस उनके जान और माल की सुरक्षा करे। इस पुलिस रिपोर्ट के आधार पर आरोप पत्र एम-4 दिनांक 26 दिसम्बर, 1970 को बनाया गया जिसमें यह लिखा है कि इस रिपोर्ट से कम्पनी की मान हानि हुई और वह स्टैन्डिंग आर्डर 18(1)(सी), 18(1)(ई) और 18(1)(आर) के अन्तर्गत मिसकन्डक्ट है। श्री सिह का जवाब एम-7 दिनांक 30 दिसम्बर, 1970 का है जिसमे उन्होंने कहा है कि मजदूर संघ बन जाने के बाद कोलियरी कम्पनी मे गुडे और लठैतियो को पास रखा है जो लाठी और भाला दिखाकर धमका देते है और बेइज्जत करते हैं और उन्होंने रिपोर्ट अपने बचाव में की है, श्री ताराचन्द ने श्री सिह और कुछ और लोगों के खिलाफ एक इस्तगासा धारा 211 और 500 आइ पी सी के अन्दर न्यायालय में दाखिल किया है। जांच अधिकारियो के सामने श्री ताराचन्द ने बयान किया कि पुलिस रिपोर्ट बिलकुल झुठा है। देशराज नागपाल ने इसका समर्थन किया है और कहा है कि ऐसी कोई घटना नहीं हुई है। श्री पी० के० राय, बैजनाथ सिंह, और श्री सिह ने कहा है कि ऐसी घटना हुई। यह जाहिर है कि श्री ताराचन्द और श्री सिह और उनके साथियो में मन-मुटाव हो चुका था। पुलिस ने रिपोर्ट की जांच भी की। श्री ताराचन्द ने एक नही बल्की दो इस्गासे दाखिल किये। न्यायालय में दोनों विचाराधीन थे। एक इस्तगासा में श्री सिह की तलबी भी हुई थी। स्टैन्डिंग आर्डर के 18(1)(सी) के अन्तर्गत पुलिस में रिपोर्ट करना इनसबार्डिनेशन या डिसओबिडीएन्स नहीं माना जा सकता। पैरा 18(1)(इ) मे यह डिसआर्डरली या इन-डीसेन्ट व्यवहार भी नही माना जा सकता। पैरा 18(1)(आर) में यह धमकी, या गाली गलौच, या हमला करना भी नही माना जा सकता। मेरी राय में जांच अधिकारी ने सबूत और कानून के खिलाफ फैसला दिया है।

29. अब मैं दूसरी जांच के आरोपो को हाथ मे लेता हूं।

30. पहला आरोप भुवनेश्वर दास को 14 अक्तुबर, 1970 को मारने पीटने का था, जिसको श्री सिह ने झूठा बतलाया था। कोलियरी कम्पनी ने इस आरोप के समर्थन मे कोई गवाह पेश नही किया। श्री सिंह ने अपने बयान मे इसको इन्कार किया। जांच अधिकारी ने सही फैसला दिया है कि यह आरोप साबित नही है।

31. दूसरी जांच का दूसरा आरोप यह है कि श्री सिह तारीख 2 जनवरी से लेकर 28 जनवरी, 1971 तक बीमारी का बहाना करके

अपने ड्यूटी से गैरहाजिर रहे । इस तरह उन्होंने स्टैन्डिंग आर्डर के पैरा 18(1)(के) तथा 18(1)(पी) का उल्लघन किया जो मिसकन्डक्ट है ।

32 श्री सिंह ने एक आवेदन पत्र प्रदर्श एम-21 कोलियरी कम्पनी के पास 2 जनवरी, 1971 को भेजा जिसमे इन्होने यह लिखा कि वह कालिक पेन से पीड़ित है और उनको सिक लीव ऐसे समय तक के लिये दिया जाये जब तक कि वह स्वस्थ हो कर काम पर न वापस आये । श्री ताराचन्द ने उस आवेदन पत्र पर यह लिखा कि कोलियरी के डाक्टर ए० एस० सेन उनकी जाच करे और इलाज करे । डाक्टर सेन ने उनकी जाच की और कोलियरी कम्पनी को अपनी रिपोर्ट प्रदर्श एम-30 दिनांक 4 जनवरी, 1971 को भेजा जिसमे उन्होने यह लिखा कि उन्होने श्री सिंह की जांच 2 जनवरी, 1971 को की और तब श्री सिह ने उनको यह बतलाया कि वह कालिक पेन से पीड़ित है परन्तु जांच करने पर उन्होने उनके पेट मे कोई असाधारण बात नही पायी । श्री सिंह ने जिद् की कि उनको कोई दवा दी जाये और उनके जिद् पर उन्होने उनको छ खुराक कारमिनेटिव मिक्सचर तथा कुछ हाजमे की गोलिया दी । डॉ० सेन ने यह भी लिखा कि श्री सिह ने उनसे पूछा कि वह काम करने योग्य है या नहीं और उन्होने उनको बतलाया कि वह काम करने के लिये बिलकुल ठीक है । डाक्टर सेन ने यह भी लिखा कि दवा लेकर श्री सिह और उनके दोनो साथी एक टैक्सी मे बैठकर धनबाद की दिशा मे चले गये । इस रिपोर्ट के प्राप्त होने के बाद श्री ताराचन्द ने एक पत्र प्रदर्श एम-17, दिनांक 4 जनवरी, 1971 को श्री सिह के पास भेजा जिसके साथ उन्होने डाक्टर सेन की रिपोर्ट भी लगा दी और यह लिखा कि वे कालिक पेन मे पीड़ित होने का बहाना मात्र कर रहे हैं और उनको वाकई मे कालिक पेन नहीं है और वह ड्यूटी करने के योग्य है उन्होने पत्र मे यह भी लिखा है कि उनके 2 जनवरी, 1971 को ड्यूटी पर न आने से शिफ्ट चलाने मे असुविधा हुई और वह तरत ड्यूटी पर वापस आये नही तो उनके उपर स्टैन्डिंग आर्डर के पैरा 18 (1)(क) के अनुसार कार्यवाही की जाएगी । यह पत्र और कुछ और पत्र श्री सिह पर तामिल नही हो सके अत उनके पास रजिस्ट्री द्वारा भेजे गये और तब वह पत्र उन पर तामिल हुए । एकनालेजमेन्ट रसीदें पत्रावली मे मौजूद है । इसी बीच मे श्री सिह ने अपनी छुट्टी बढ़ाने के लिए पत्र लिखा जिसका उत्तर श्री ताराचन्द ने रजिस्ट्री द्वारा भेजा और वह पत्र प्रदर्श एम-31 है । श्री ताराचन्द ने यह पत्र प्रदर्श एम-18 दिनांक 11 जनवरी, 1971 को श्री सिह के पास रजिस्ट्री द्वारा भेजा जिसमे उन्होने लिखा कि वह आरोप पत्र प्रदर्श एम-17 उनके पास पहले ही भेज चुके हैं और उन्होने यह भी लिखा है कि वह बीमारी का केवल बहाना कर रहे हैं और लिखने पर भी ड्यूटी पर वापस नही आ रहे है और इसके विपरीत इधर उधर घूम रहे हैं और कोलियरी कम्पनी के खिलाफ कार्यवाही कर रहे हैं । उन्होने यह भी लिखा कि यह बिलकुल झूठ है कि कम्पनी ने डाक्टर सेन को इलाज करने से मना कर दिया है । उन्होने यह भी लिखा कि यह भी झूठ है कि श्री सिंह ने इलाज के लिये कम्पनी को परचा देने के लिये लिखा परन्तु कम्पनी ने परचा डॉ० सेन के पास नही भेजा । ऐसा प्रतीत होता है कि श्री सिह ने अपने पत्र मे यह लिखा था कि वह एक प्राइवेट डाक्टर से इलाज करा रहे है । इसके बारे मे श्री ताराचन्द ने यह लिखा कि वह उनका मैडिकल सर्टीफिकेट भेज दे । श्री ताराचन्द ने यह भी लिखा है कि श्री सिह अपना डाक्टरी मुआवजा किसी सरकारी डाक्टर से कराये और उनका सर्टीफीकेट भेजे और यदि यह पाया जायेगा कि श्री सिह वाकई मे बीमार है तो उनको केन्द्रीय सरकार के अस्पताल, धनबाद मे इलाज के लिये भेजा जायेगा । पत्र मे श्री ताराचन्द ने यह भी लिखा है कि उन्होने श्री एम० एन० मडल और चन्द्रशेखर को कई बार श्री सिह के निवास स्थान पर भेजा परन्तु वह कभी नही मिले और उनके घर पर ताला पडा हुआ था । पत्र मे श्री सिह को यह भी लिखा गया है कि वह सरकारी डाक्टर के सर्टीफिकेट के साथ मैनेजिंग डाइरेक्टर या डाइरेक्टर के सामने हाजिर होवे ताकि अगर वह बीमार पाये जाये तो उनको केन्द्रीय सरकार के अस्पताल मे भेज दिया जाये । पत्र मे यह भी लिखा है कि वह बीमार नही है और उनको कागजात मे गैरहाजिर लिखा जा रहा है । इस पत्र के बाद श्री ताराचन्द ने एक दूसरा पत्र प्रदर्श एम-19 श्री सिह के पास 16 जनवरी 1971 को लिखा जिसमे यह लिखा गया है कि वह ड्यूटी से बराबर गैरहाजिर हो रहे है, बीमारी का बहाना कर रहे है और धनबाद मे घूम रहे है । यह भी लिखा है कि उन्होने कोई मेडिकल सार्टिफिकेट नही भेजा और मैनेजिंग डाइरेक्टर या डाइरेक्टर के सामने हाजिर नही हुए कि उनको केन्द्रीय सरकार के अस्पताल मे भेज दिया जाये । पत्र मे यह भी लिखा है कि उनके दोनो आवेदन पत्र दिनांक 5 जनवरी और 11 जनवरी, 1971 सिक लीव के खारीज कर दिये गये है और उन्होने बीमारी का बहाना करके और ड्यूटी से गैरहाजिर हो कर स्टैंडिंग आर्डर के पैरा 18(1)(पी) का उल्लघन किया है ।

33 अभी तक मैने कोलियरी कम्पनी की ओर के प्रदर्शों का हवाला दिया है । अब मै श्री सिह की तरफ से प्रदर्शों का ब्यौरा दूगा । प्रदर्श एम-23 दिनांक 5 जनवरी, 1971 एक पत्र है जिसका श्री बैजनाथ सिह ने कतरासगढ़ थाने पर भेजा था जिसमे उन्होने यह लिखा है कि यह छुट्टी का दखास्त और डाक्टर साहेब का परचा लेकर सूरी साहेब मैनेजर के पास 5 जनवरी, 1971 को गये थे परन्तु सूरी साहेब ने दोनो कागजो को फैंक दिया और श्री बैजनाथ सिंह का गला दबाकर बेइज्जत करके कोलियरी के बाहर कर दिया । प्रदर्श डब्ल्यू०-10 दिनाक 16 जनवरी, 1971 एक मैडिकल सर्टीफिकेट है जिसको डा० एम० एन० राय ने श्री सिह को दिया और जिसमे यह लिखा है कि श्री सिह का जिगर बढ़ गया है और दो अन्य बीमारियां हैं और वह उनके इलाज मे 4 जनवरी, 1971 से है और उनको अभी स्वस्थ होने के लिए एक सप्ताह और लगेगा । प्रदर्श डब्ल्यू०-11 दिनाक 28 जनवरी, 1971 डा० एस० एन० राय का एक दूसरा सर्टीफिकेट है जिसमे यह लिखा है कि श्री सिह उनके इलाज मे 4 जनवरी, 1971 से लेकर 28 जनवरी, 1971 तक रहे और स्वस्थ हो गये है और 29 जनवरी, 1971 से ड्यूटी करने लायक हो जायेगे ।

34 आरोप बीमारी का बहाना करने का है और ड्यूटी छोड़कर चले जाने का है । श्री सिह का जवाब प्रदर्श एम-20 दिनांक 16 जनवरी, 1971 है जिसमे उन्होने यह लिखा है कि पहली जनवरी की रात मे उनको एकदम से पेट मे दर्द मालूम हुआ । दिनांक 2 जनवरी, 1971 को वह इलाज के लिये अपने कुछ साथियो के साथ डा० सेन के पास गये और डा० सेन ने उनको दो दिन के लिये दवा दी जिसमे उनको कुछ फायदा हुआ । दिनांक 4 जनवरी, 1971 को उन्होने श्री बैजनाथ सिह को डा० सेन के पास और दवा के लिये भेजा परन्तु डा० सेन ने यह कहा कि वह बिना मैनेजिंग डाइरेक्टर या डाइरेक्टर के परचे के कोई दवा नही देगे और ऐसी ही हिदायत उनको दी गई है । श्री सिह ने तब अपना इलाज प्राइवेट डाक्टर से कराना शुरू कर दिया । दिनांक 5 जनवरी, 1971 को उन्होने अपना आवेदन पत्र और परचा श्री बैजनाथ सिंह के हाथ कोलियरी कम्पनी के पास भेजा । श्री बैजनाथ सिह ने लौटकर बताया कि मैनेजर ने उनकी बेइज्जती की और आवेदन पत्र और परचा दोनो फैंक दिया । उनका जवाब यह भी है कि इसके बाद उनके पास और कोई चारा नही था सिवा इसके कि वह अपना इलाज प्राइवेट डाक्टर से करायें । उनका यह भी कहना है कि प्राइवेट डाक्टर के इलाज से उनको फायदा हो रहा था इस कारण उनको कोई जरूरत नही थी कि वह अपने को किसी सरकारी डाक्टर से दिखलायें । उनका जवाब यह भी है कि अगर जरूरत पड़ती तो वह सरकारी डाक्टर के पास या केन्द्रीय अस्पताल चले जाते ।

35 मेरी राय मे कालियरी कम्पनी की बात मान भी ली जाये तब भी स्टैंडिंग आर्डर के पैरा 18(1)(पी) के अन्दर का मिसकण्डक्ट होना नही पाया जा सकता । 18(1)(पी) यह कहता है कि यदि कोई श्रमिक ड्यूटी कर रहा हो और उस समय बिना इजाजत के या बिना

माकुल वजह के गैरहाजिर हो जाये तो वह मिसकण्डक्ट का दोषी होगा। श्री सिंह ड्यूटी नही कर रहे थे जिससे वह गैरहाजिर हो गये अत जाच अधिकारी ने कानून के खिलाफ फैसला दिया है कि श्री सिंह आरोप के इस भाग के भी दोषी हैं।

36 अब प्रश्न यह है कि श्री सिंह वाकई मे बीमार थे जैसा कि वह कहते है या बीमारी का बहाना कर रहे थे जैसा कि कोलियरी कम्पनी कहती है, बीमार होने को साबित करने का भार श्री सिंह पर होगा न कि कोलियरी कम्पनी पर परन्तु चूकि दोनो फरीको ने सबूत पेश किया है इसलिए मैं भार पर जोर नही दूगा। 18(1)(के) यह कहता है कि बीमार न होते हुए बीमारी का बहाना करना मिसकण्डक्ट है। अब यह देखना है कि श्री सिंह बीमारी का बहाना कर रहे थे या नही।

37 कोलियरी कम्पनी की तरफ से दो तरह के सबूत दिये गये हैं। एक यह है कि श्री सिंह बहाना कर रहे थे और दूसरा यह है कि बहाना इससे भी साबित है कि वह कतरास और धनबाद इत्यादि जगहो मे सैर-सपाटा कर रहे थे जो कि बीमार होने के अनुकूल बात नही होगी। पहली बात का सबूत श्री तारांचन्द और डॉ० सेन ने दिया है। दूसरी बात का सबूत श्री एस० एन० मण्डल, जगदीश चन्द्र, जोगेश्वर सिंह, महेन्द्र प्रसाद साह और जगन्नाथ महतो ने दिया है।

38. मैं पहले पहली सबूत का तजकरा करूगा। श्री तारांचन्द ने जो ऊपर कोलियरी कम्पनी के पत्रो का हवाला दिया गया है उनका समर्थन किया है और यह कहा है कि बावजूद लिखने के भी श्री सिंह उनके सामने हाजिर नही हुये और न डाक्टरी सनद ले आये जिसके आधार पर वह उनको केन्द्रीय अस्पताल भेज सकते। उन्होने यह भी कहा है कि श्री सिंह का यह कथन कि डॉ० सेन को इलाज करने से रोक दिया गया, बिलकुल असत्य है। उन्होने यह भी कहा है कि कोलियरी कम्पनी के नियमो के अन्तर्गत प्राइवेट डाक्टर से इलाज कराना वर्जित है। जिरह मे उन्होने यह कहा है कि जब कोई श्रमिक बीमार पडता है तो उसको कम्पनी से एक परचा लेना पडता है और उस परचे के साथ उसको कम्पनी के डाक्टर के पास जाना पड़ता है और यदि वह खुद कोलियरी मे उपस्थित न हो तो प्रबन्धक ऐसा परचा देते है यदि प्रबन्धक भी उपस्थित न हो तो श्री देशराज नागपाल परचा देते है। उन्होने इस बात को स्वीकार किया है कि 5 जनवरी, 1971 को श्री बैजनाथ सिंह छुट्टी का दर्खास्त लेकर आए थे और उन्होने उनसे यह कहा कि वह श्री सिंह को लेकर डाक्टर सेन के पास जाये। मेरी राय मे कोई वजह नही मालूम होती कि श्री तारांचन्द निवेशक की बात क्यो न मानी जाये। स्टैडिंग आर्डर के पैरा 10(सी) मे यह लिखा है कि यदि कोई श्रमिक बीमारी के कारण छुट्टी चाहता है तो उसको कोलियरी के डाक्टर का बीमारी का सर्टीफिकेट देना पड़ेगा और यदि श्री तारांचन्द ने श्री बैजनाथ सिंह ने यह कहा कि वह श्री सिंह को लेकर डॉ० सेन के पास जाये तो इसमे कोई दुसम्भव बात नही होगी क्योकि स्टैडिंग आर्डर मे ऐसा ही नियम है और कोलियरी के डाक्टर सेन साहब थे अन्य कोई नही। ऊपर लिखा जा चुका है कि डाक्टर सेन ने 2 जनवरी, 1971 को कालिक पेन नही पाया और दवा भी श्री सिंह के जिद्द पर दिया था। ऊपर यह भी लिखा जा चुका है कि डॉ० सेन साहब ने कम्पनी को पहले ही लिख रखा था कि श्री सिंह काम करने के लायक है। फिर ऐसी सूरत मे श्री तारांचन्द छुट्टी कैसे मजूर कर देते। उनका कहना सही मालूम होता है कि उन्होने श्री बैजनाथ सिंह से कहा कि वह श्री सिंह को लेकर डा० सेन साहब के पास ले जाये। डॉ० सेन ने यह कहा है कि श्री सिंह उनके पास 2 जनवरी, 1971 को आए और यह कहा कि उनको बदहजमी है और दवा चाहिए और उन्होने उनको कारमिनेटिव मिक्सचर दिया और लिखित प्रेसक्रिप्सन भी दिया। उन्होने यह भी कहा है कि श्री सिंह काम करने लायक थे। उन्होने यह भी कहा है कि लगभग 7 जनवरी, 1971 को श्री सिंह उनको कतरास बाजार मे मिल गये और यह कहा कि उनके पेट मे अभी भी तकलीफ है और तब उन्होने उनसे यह कहा कि वह कम्पनी से इलाज के लिए परचा लाये लेकिन श्री सिंह उसके बाद उनसे नही मिले। उन्होने यह भी कहा है कि कालिक पेन मे कोई काम नही कर सकता लेकिन कालिक पेन कुछ घन्टो से लेकर 4-5 दिन में ठीक हो जाता है। जिरह मे उन्होने यह कहा है कि 2 जनवरी, 1971 को उन्होने श्री सिंह के पेट मे केवल कुछ गैस का होना पाया था जिसके लिए उन्होने दो दिन की दवा दे दी थी। उन्होने यह भी कहा कि यह गलत है कि श्री बैजनाथ सिंह दोबारा दवा के लिए उनके पास 4 जनवरी को आये थे। उन्होने यह भी कहा है कि जो दवा उन्होने श्री सिंह को दी थी वह कालिक पेन के लिए नही थी। श्री सिंह के गवाह श्री पी० के० राय ने कहा है कि श्री सिंह 2 जनवरी से 28 जनवरी, 1971 तक बीमार रहे और उनके पेट मे बहुत दर्द था और वह उनको लेकर डॉ० सेन और डॉ० रे के पास जाया करते थे। लगभग ऐसा बयान श्री जमूना सिंह, एस० एन० गोरी ने भी दिया है। श्री जमूना सिंह भी कहते है कि वह श्री सिंह को लेकर डॉ० रे के पास जाते थे। श्री एस० एन० गोरी ने कहा है कि श्री सिंह बीमारी की हालत मे उन्ही के घर रहते थे और डॉ० सेन के बाद उन्होने अपना इलाज डॉ० रे से कराया। उन्होने यह भी कहा है कि बीमारी के काल मे वह और श्री बैजनाथ सिंह इत्यादि श्री सिंह की देखभाल करते थे। श्री सिंह ने भी अपना बयान दिया है और कहा है कि वह 2 जनवरी से लेकर 28 जनवरी तक बीमार रहे। वह डॉ० सेन के पास गये और उन्होने दो दिन की दवा उनको दी और कहा कि 4 जनवरी को वह फिर आये। श्री सिंह 4 जनवरी को फिर उनके पास गये और तब डॉ० सेन साहब ने उनसे यह कहा कि बिना कम्पनी के परचे के वह दवा नही देगे। तब श्री सिंह ने श्री बैजनाथ सिंह को आवेदन पत्र और परचे के साथ कोलियरी भेजा और श्री बैजनाथ सिंह ने लौटकर कहा कि श्री तारांचन्द कोलियरी मे उपस्थित नही है और चूंकि उनके पेट मे बहुत दर्द था इस कारण वह डॉ० राय साहब के पास चले गये। 5 जनवरी को उन्होने श्री बैजनाथ सिंह को फिर श्री तारांचन्द के पास भेजा परन्तु श्री बैजनाथ सिंह ने लौटकर बताया कि मैनेजर साहब ने आवेदन पत्र और परचा दोनो फैंक दिया और बेइज्जत करके उनको निकाल दिया और इसके बारे मे श्री बैजनाथ सिंह ने पुलिस मे शिकायत भेजी। उन्होने यह भी कहा है कि डॉ० सेन ने झूठी गवाही दी है। मैने श्री सिंह और उनके गवाहो के बयानो पर भरपूर विचार किया परन्तु मै इस नतीजे पर पहुचा हू कि हो सकता है कि श्री सिंह को 2 जनवरी, 1971 को बदहजमी हो गयी हो। कम्पनी ने उनको डा० सेन साहब के पास इलाज के लिए उस दिन भेजा। श्री तारांचन्द को यह बात खुद स्वीकार है। डॉ० सेन साहब ने खुद कहा है कि श्री सिंह उनके पास आए और उन्होने कालिक पेन तो नही पाया परन्तु पेट मे गैस होना पाया और बदहजमी के लिए उन्होने दो दिन की दवा भी दी। इस वजह से यह मालूम होता है कि श्री सिंह 2 और 3 जनवरी को कुछ अस्वस्थ जरूर थे और यदि इस कारण वह अपने काम पर नही गये तो उन्होने कोई गलत काम नही किया। इसके खिलाफ कम्पनी ने गलत काम किया कि उसने उनको दो दिन की भी छुट्टी नही दी। अब यह देखना है कि 4 जनवरी से 28 जनवरी, 1971 तक श्री सिंह बीमार थे या बीमारी का बहाना कर रहे थे। यह कहते है कि उनके पास डॉ० राय का प्रेसक्रिप्सन था। वह कहते है कि उनके पास दवा खरीदने की रसीदे थी परन्तु उन्होने न प्रेसक्रिप्सन दाखिल किया न रसीदें। करीब-करीब 24-25 दिन तक वह राय साहब के इलाज मे रहे परन्तु उन्होने राय साहब का पेश नही किया। उनको मालूम होना चाहिए था कि उनके विरुद्ध एक गम्भीर आरोप है जिसके साबित होने पर वह नौकरी से निकाल दिये जा सकते है फिर भी उन्होने कागजी सबूत जो उनके पास है दाखिल नही किया और जबानी सबूत पर भरोसा किया। उन्होने जिससे इलाज कराया उसका भी पेश नही किया। यह जानते थे कि डॉ० सेन साहब रिपोर्ट कर चुके है कि वह नौकरी पर आने के काबिल है। कम्पनी उनसे बार-बार कह रही थी कि वह मेडिकल सर्टीफिकेट भेजे परन्तु उन्होने 29 जनवरी के बाद डा० राय का सर्टीफिकेट भेजा। कम्पनी अपने परचे पर उनका इलाज सरकारी डाक्टर

से कराना चाहती थी परन्तु श्री सिंह ने इन्कार कर दिया। कम्पनी अपने खर्चे पर उनको केन्द्रीय सरकार के अस्पताल में भेजना चाहती थी परन्तु श्री सिंह इस पर भी राजी नहीं हुए। सत्य यह मालूम होता है कि आरोप पत्र मिल जाने के बाद और यह जान लेने के बाद कि वह उस आरोप के साबित हो जाने पर पदच्युत किये जा सकते है वह उस मुकाबले से बराबर भागते रहे जिससे असलियत जाहिर हो जाती। क्या बात है अपना जाती खर्चा करने पर तैयार थे परन्तु कम्पनी के खर्चे पर सरकारी डाक्टर से इलाज नहीं कराना चाहते थे। बदहजमी एक या दो दिन में ठीक हो जाती है और करीब करीब पूरा महीना नहीं लगता। डा० सेन साहब ने कहा है कि कालिक पेन भी हद से हद 4/5 दिन में ठीक हो जाता है। अतः मेरी राय में यह साबित है कि 4 जनवरी से लेकर 28 जनवरी, 1971 तक श्री सिंह बीमार नहीं थे और बीमारी का बहाना कर रहे है।

39 श्री ताराचन्द ने कहा है कि उन्होंने ए० एल० सी० साहब को फोन पर 4 जनवरी, 1971 को यह कहते पाया कि श्री सिंह धनबाद मे उनके दफ्तर में मौजूद है और कम्पनी की शिकायत कर रहे है और इस शिकायत के सुलझाने के लिए श्री ताराचन्द उनसे 5 जनवरी, 1971 को मिले। श्री एम० एन० मंडल ने यह कहा है कि वह 2 जनवरी, 4 जनवरी 5 जनवरी और 6 जनवरी को खत लेकर श्री सिंह के निवास स्थान पर गये परन्तु उन्होंने उनको बराबर गैरहाजिर पाया और उनके घर पर ताला लगा पाया। श्री जगदीश चन्द्र ने कहा कि उन्होंने श्री सिंह के पचगढी बाजार में 24 जनवरी को पाया था। श्री योगेश्वर सिंह ने उनको 14 जनवरी को बाजार में देखा था। श्री महेन्द्र प्रसाद साहू ने उनको धनबाद में 4 जनवरी को देखा था। श्री जगन्नाथ महतो ने भी उस दिन उनको वहां देखा था। न्यायाधिकरण के सामने श्री महेन्द्र प्रसाद और जगन्नाथ अपने पुराने बयानों से पलट गये और यह कहा कि श्री सिंह को घूमते हुए कहीं नहीं पाया था और जांच अधिकारी के सामने उन्होंने झूठा बयान कम्पनी के मजबूर करने की वजह से दिया था। श्री पी० के० राय, यमुना सिंह, एस० एन० गोरी और रमा कान्त ने श्री सिंह की ओर से गवाही दी और कहा कि वह इतना बीमार थे कि कहीं आ जा नहीं सकते थे। मै इन चारों गवाहों पर भरोसा नहीं कर सकता। ये चारों श्री सिंह के घनिष्ट साथी है। श्री पी० के० राय श्री सिंह के साथ ही रहते थे। कम्पनी से वह बरखास्त हो चुके थे। यमुना सिंह भी कम्पनी से बरखास्त हो चुके थे और उन्होंने श्रम न्यायालय में कम्पनी के खिलाफ दावा भी कर दिया था। श्री एस० एन० गोरी श्री सिंह के मकान मालिक थे वे भी कम्पनी से निकाल दिये गये थे। उन्होंने भी कम्पनी के खिलाफ दावा किया था। श्री सिंह ने इनकार किया है कि वे कभी धनबाद गये। चूंकि मै ऊपर कह चुका हूं। बीमार नहीं थे और सिर्फ बीमारी का बहाना कर रहे थे इसलिए मैं यह मानने को तैयार नहीं हूं कि वो इतना बीमार थे कि कहीं आ जा नहीं सकते थे। कोई वजह नहीं है कि मैं यह मान लूं कि श्री सिंह बाहर नहीं गये। इस काल में उन्होंने लेबर कोर्ट के दावे लिखे और कोई अचम्भे की बात नहीं की यदि उन दावों के साथ धनबाद गये थे।

40. श्री सिंह का यह कहना है कि उन्होंने कोलियरी कम्पनी में श्रमिको का एक दूसरा संगठन स्थापित किया और उसके सदस्य बनाये। उनका यह भी कहना है कि जो मान्यताप्राप्त श्रमिकों का युनियन था वह महज मालिकों की एक कठपुतली थी। इस कारण कोलियरी कम्पनी उनसे नाराज थी और मजदूर संघ को तोड़ने के लिए एक के बाद दूसरा आरोप पत्र लगाया जो उनको विक्टीमाइज करने के लिए था और जो अनफेयर लेबर प्रैक्टिस था। अतः सब आरोप झूठे मानें जाये। यह सही है कि मजदूर संघ के बनाने मे श्री सिंह का काफी योगदान था और यह भी सही है कि वे इस संघ के उप सभिव थे। परन्तु किसी श्रमिक संघ के नेता को यह अधिकार प्राप्त नहीं हो सकता कि वह जिस औद्योगिक संस्थान के कर्मचारी हो उसी संस्थान के नियमों की अवहेलना करे और यदि वह अवहेलना करते हैं तो प्रबन्धकों के खिलाफ यह शिकायत नहीं की जा सकती की उस अवहेलना के लिए दंडित करने पर वे प्रबन्ध अनफेयर लेबर प्रेक्टिस का प्रयोग करते है।

41. ऊपर देखा जा चुका है कि श्री सिंह ने दो कार्य ऐसे किए जो मिसकन्डक्ट के परिभाषा के अन्तर्गत है। अतः मैं इस निर्णय पर पहुंचता हूं कि प्रथम जांच का पहला आरोप और दूसरी जांच का दूसरा आरोप साबित है।

42. कोलियरी कम्पनी में इन दोनो आरोपो के साबित होने के आधार पर उनको पदच्युत कर दिया। सवाल यह है कि पदच्युत की सजा मुनासिब है अथवा नहीं। कुल मिलाकर सात आरोप लगाये गये थे। दूसरी जांच का पहला आरोप बिलकुल झूठा था। पहली जांच का आरोप संख्या दो, तीन, चार और पांच स्टैन्डों के अन्तर्गत आरोप नहीं बनते थे। दूसरी जांच के दूसरे आरोप में भी कोलियरी कम्पनी और श्री सिंह दोनो किसी हद तक गलती पर थे। श्री सिंह दो और तीन जनवरी को अवश्य अस्वस्थ थे फिर भी कोलियरी कम्पनी ने इन दो दिनों की भी छुट्टी नहीं दी और यहां कम्पनी ने गलती की। चार जनवरी से 28 जनवरी तक श्री सिंह बीमार नहीं थे परन्तु बीमारी का बहाना करते रहे, अतः इस काल में वह गलती कर रहे थे। सात आरोपो मे से पांच साबित नहीं पाये गये है और उस आधार पर कम्पनी गलती पर थी। दो आरोपो में एक मे श्री सिंह बिलकुल गलती पर थे और दूसरे में कुछ हद तक कम्पनी गलती पर थी और कुछ हद तक वह। इन सब बातों को देखते हुए मैं समझता हूं कि पदच्युत की सजा मुनासिब नहीं थी।

43. साधारणतः जब पदच्युत गलत पाया जाता है तो बहाली का हुक्म दिया जाता है परन्तु मैं बहाली करने का निर्णय नहीं दे सकता। कोलियरी कम्पनी पर कोयला खान राष्ट्रीयकरण अधिनियम पहली मई सन् 1973 से लागू हो गया और कोलियरी कम्पनी का वजूद खतम हो गया और उसका स्वामित्व, अधिकार और सम्पदा भारत सरकार में निहित हो गयी। कहने का तात्पर्य यह है कि कोलियरी कम्पनी के पास कोलियरी अब है ही नहीं। उसके पास ओवरमैन का कोई पद भी नहीं है जिस पर श्री सिंह की बहाली की जाय अतः बहाली करने का आदेश देना कोई माने नहीं रखता है और न ऐसा आदेश अब दिया जा सकता है।

44. 2 मार्च सन् 1971 को श्री सिंह पदच्युत किये गए थे। कोलियरी कम्पनी का प्रबन्ध कोल माइन्स (टेकिंग ओवर आफ मैनेजमेंट) ओरडीनेंस के प्रख्यापन 31 जनवरी सन् 1973 के बाद भारत सरकार के पास आ गया और बी० सी० सी० एल० 7 फरवरी 1973 से उसका प्रबन्धक हो गया। 2 मार्च 1971 से लेकर 30 अप्रैल 1971 तक के काल में भारत सरकार या बी० सी० सी० एल० की कोई जिम्मेदारी नहीं है। अगर जिम्मेदारी है तो कोलियरी कम्पनी की। मुनासिब यह मालूम होता है कि कोलियरी कम्पनी श्री सिंह को कोई वेतन या भत्ता 18 नवम्बर सन् 1970 से लेकर 8 दिसम्बर सन् 1970 तक न दें क्योंकि श्री सिंह नाजायज तरीके पर गैरहाजिर रहे। इसी तरीके से कोलियरी कम्पनी कोई वेतन या भत्ता श्री सिंह को 4 जनवरी सन् 1971 से 28 जनवरी सन् 1971 तक नहीं देगी।

45. अब सवाल यह है कि दो मार्च 1971 से लेकर 30 अप्रैल, 1971 तक के वेतन और भत्ते की जिम्मेदारी कोलियरी कम्पनी पर है या नहीं। कोलियरी कम्पनी के विद्वान अधिवक्ता ने यह बहस की कि श्रमिक को साबित करना पड़ता है कि पदच्युत के बाद उसने भरसक कोशिश की कि उसको रोजी मिल जाय और यदि उसने कोशिश नहीं की तो उसको वेतन और भत्ता नहीं मिल सकता। उन्होंने यह भी बहस की कि यदि ऐसे श्रमिक को रोजी मिल गई मगर कम वेतन पर तो उसको

जितने का घाटा हुआ उतनी ही रकम दिलाई जा सकती है। उन्होंने यह भी बहस की कि इन सब बातों के साबित करने का भार श्रमिक पर है। उन्होंने अपनी बहस के समर्थन में मल्लिक डेयरी फार्म बनाम उनके श्रमिक 1968(17) एफ० एल० आर० और राकेश्वर दयाल बनाम श्रम न्यायालय, 1962(1) एल०एल०जे०-5 पर भरोसा किया। इन दोनों फैसले से यह निष्कर्ष नहीं निकलता कि यदि श्रमिक इन बातो को साबित न करें तो उसको कोई सहायता दी ही नही जा सकती। राकेश्वर दायल वाले केस में आधी मजदूरी दिलाई गई थी और इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने इस फैसले को बहाल रखा। मालिक डेयरी वाले केस में श्रम न्यायालय के पास इस बात के निर्णय देने के लिए बम्बई उच्च न्यायालय ने मुकदमा वापस कर दिया कि श्रमिक रोजी पर था या नही। यूनाइटेड क्लीनर्स प्राइवेट लिमिटेड बनाम श्रम न्यायालय 1964(2) एल-एल-जे-156 में मद्रास उच्च न्यायालय ने यह फैसला दिया कि प्रबन्धक को यह साबित करना पड़ता है कि श्रमिक को रोजी मिल गई थी। उच्चतम न्यायालय का इस विषय पर कोई भी निर्णय नही दिखलाया गया और न मुझे मालुम है। सबूत मेरे सामने सिर्फ यह है कि 7 फरवरी 1973 से बी० सी० सी० एल० ने श्री सिंह को बहाल कर लिया था और ज्यादा वेतन पर। जब श्री सिंह पदच्युत हुए थे तो उनका बेसिक वेतन 305/- रुपया था। उनको बी० सी० सी० एल० न 500/- रुपया के बेसिक वेतन पर बहाल किया। ऐसा श्री सिंह के बयान मे है। श्री जगन्नाथ महतो ने बयान दिया कि जब से कोलियरी कम्पनी का प्रबन्ध बी० सी० सी० एल० ने ले लिया उसी दिन से श्री सिंह को रोजी दे दी गई थी। श्री सिंह महज दो मार्च सन् 1971 से 7 फरवरी सन् 1973 तक के काल की सहायता पा सकते हैं। इस काल में उनको रोजी मिली या नही और उन्होंने रोजी मिलने का कोई प्रयत्न किया कि नहीं कोई सबूत मेरे सामने नही है। मेरी राय में आधा आधा कोलियरी कम्पनी और श्री सिंह को फायदा मिलना चाहिए।

46. मेरा एवार्ड यह है कि कोलियरी कम्पनी में पदच्युत करने में गलती की परन्तु श्री सिंह की बहाली नहीं करनी होगी। मेरा एवार्ड यह भी है कि श्री सिंह को कोई वेतन या भत्ता 18 नवम्बर सन् 1970 से लेकर 8 दिसम्बर सन् 1970 तक और 4 जनवरी सन् 1971 से 28 जनवरी सन् 1971 तक नही दिया जायेगा। 2 मार्च सन् 1971 से लेकर 7 फरवरी 1973 तक कोलियरी कम्पनी श्री सिंह को उनके वेतन और महंगाई भत्ता की आधी रकम देगी।

कुंज बिहारी श्रीवास्तव, पीठासीन पदाधिकारी

[नं० एल० 2012/185/71-एल०आर० II/डी०IIIA]

S. H. S. Iyer, Desk Officer

विधि, न्याय और कम्पनी-कार्य मंत्रालय

(न्याय विभाग)

नोटिस

नई दिल्ली, 9 सितम्बर, 1976

का. आ. 3384.—इसके द्वारा, लेख्य प्रमाणक नियम (नोटेरीज रूल्स), 1956 के नियम 6 के अनुसार, सक्षम प्राधिकारी द्वारा सूचना दी जाती है कि उक्त प्राधिकारी को श्री के. वी. टॉमस, एडवोकेट, विराजपेट, करनाटका ने उक्त नियमों के नियम 4 के अधीन, विराजपेट और/अथवा कूरग में लेख्य प्रमाणक (नोटेरी) का काम करने की नियुक्ति के लिए आवेदन-पत्र भेजा है।

उक्त व्यक्ति की लेख्य प्रमाणक के रूप में नियुक्ति के बारे में यदि कोई आपत्तियां हों तो वे इस नोटिस के प्रकाशित होने के चौदह दिन के अन्दर नीचे हस्ताक्षर करने वाले को लिख कर भेज दिये जायें।

[संख्या 22/35/76-न्याय]

आर. वासुदेवन, सक्षम प्राधिकारी

MINISTRY OF LAW, JUSTICE & COMPANY AFFAIRS

(Department of Justice)

NOTICE

New Delhi, the 9th September, 1976

S.O. 3384.—Notice is hereby given by the Competent Authority in pursuance of rule 6 of the Notaries Rules, 1956, that application has been made to the said Authority, under rule 4 of the said Rules, by Shri K. V. Thomas, Advocate, Virajpet, Karnataka for appointment as a Notary to practise in Virajpet and/or Coorg Districts.

2. Any objection to the appointment of the said person as a Notary may be submitted in writing to the undersigned within fourteen days of the publication of this Notice.

[No. F. 22/35/76-Jus.]

R. VASUDEVAN, Competent Authority

PRINTED BY THE MANAGER, GOVT. OF INDIA PRESS, RING ROAD, NEW DELHI-110064
AND PUBLISHED BY THE CONTROLLER OF PUBLICATIONS, DELHI-110006, 1976.